डाक पंजीयन क्र./छ.ग./रायपुर संभाग/14/2024-2026

आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या CHHHIN/2002/09534

रोजगार और नियोजन

वर्ष-23, अंक-09, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित

10 सितंबर 2025 बुधवार, पृष्ठ संख्या 24, निःशुल्क

अतिरिक्त 60,800 मीट्रिक टन यूरिया आबंटन से फसल सुरक्षित, किसानों में प्रसन्नता

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के किसानों को खरीफ सीजन में बड़ी राहत मिली है। भारत सरकार ने प्रदेश के लिए सितंबर माह में 60,800 मीट्रिक टन यूरिया का अतिरिक्त आबंटन स्वीकृत किया है। इसमें 58,100 मीट्रिक टन स्वदेशी और 2,700 मीट्रिक टन आयातित यूरिया शामिल है। आबंटित यूरिया में से लगभग 20 हजार मीट्रिक टन प्रथम सप्ताह, 35 हजार मीट्रिक टन अगले 15 दिनों में और शेष मात्रा माह के अंत तक आपूर्ति कर दी जाएगी।



खरीफ में बेहतर वितरण

इस सीजन में अब तक 6.39 लाख टन यूरिया किसानों को वितरित किया जा चुका है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 6.17 लाख टन था। इस बार की बेहतर आपूर्ति व्यवस्था किसानों को बड़ी राहत दे रही है।

नैनो खाद की भी पर्याप्त उपलब्धता

सहकारी व निजी क्षेत्र में कुल 2.91 लाख बॉटल नैनो यूरिया और 2.38 लाख बॉटल नैनो डीएपी का भंडारण किया गया है। अब तक किसानों को 2.32 लाख बॉटल नैनो यूरिया और 1.85 लाख बॉटल नैनो डीएपी वितरित किए जा चुके हैं।

नैनो खाद	भंडारण	वितरण
नैनो यूरिया	2.91 लाख बॉटल	2.32 लाख बॉटल
नैनो डीएपी	2.38 लाख बॉटल	1.85 लाख बॉटल

किसानों की सुविधा हमारी जिम्मेदारी

"मेरी पहल पर भारत सरकार से सितंबर माह के लिए छत्तीसगढ़ को 60,800 मीट्रिक टन यूरिया का आबंटन स्वीकृत हुआ है। चरणबद्ध आपूर्ति की व्यवस्था की गई है, जिससे खरीफ फसलें सुरक्षित रहेंगी। मैं विश्वास दिलाता हूं कि किसानों को किसी प्रकार की कमी या परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।"

श्री विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री

स्त्रोत : https://dprcg.gov.in/

मेड इन इंडिया चिप्स

स्वर्णिम भारत की नई पहचान

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने तकनीक के क्षेत्र में स्वर्णिम इतिहास रचा है। Semicon India 2025 सम्मेलन में देश का पहला स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर 'विक्रम' लॉन्च हुआ। यह पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर आधारित है और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के स्पेस लॉन्च व्हीकल्स के लिए तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर बताया।

स्वास्थ्य क्रांति

मासूम को मिला नया जीवन

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुँचाने का संकल्प लिया है। इसी कड़ी में बीजापुर की 11 वर्षीय शांभवी गुरला, जो रियूमेटिक हार्ट डिजीज (RHD) से पीड़ित है, को नया जीवन मिला। आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार की पीड़ा सुनकर स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने तुरंत रायपुर के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में इलाज का निर्देश दिया और आश्वासन दिया कि खर्च की पूरी जिम्मेदारी सरकार उठाएगी।

सबके साथ खड़ी है साय सरकार

बाढ़ प्रभावितों के बीच हवाई व जमीनी सर्वे, 115 करोड़ की क्षति, हर संभव मदद का भरोसा

भारी बारिश और बाढ़ से बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा व बस्तर जिले में आई तबाही ने कई परिवारों को उजाड़ दिया। कहीं घर बह गए, कहीं खेतों की फसलें बर्बाद हो गईं, तो कहीं बच्चों की किताबें और महिलाओं की गृहस्थी का सामान पानी में समा गया। इन सबके बीच मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय दंतेवाड़ा के चूड़ीटिकरापारा राहत शिविर पहुँचे। उन्होंने एक-एक परिवार से मिलकर हालचाल पूछा और भरोसा दिलाया कि "आप अकेले नहीं हैं, पूरी सरकार आपके साथ है।" मुख्यमंत्री ने बच्चों से बात की, बुजुर्गों का हाल जाना और महिलाओं को आश्वस्त किया कि शिविरों में भोजन, पानी, इलाज और रहने की पूरी व्यवस्था लगातार जारी रहेगी।

स्वास्थ्य शिविर में चिंता और देखभाल

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य शिविर का भी निरीक्षण किया। डॉक्टरों और नर्सों से बातचीत कर यह सुनिश्चित किया कि दवाइयों की कमी न हो। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में जलजनित बीमारियाँ न फैलें, इसके लिए प्रशासन हर गाँव और शिविर में पेयजल का क्लोरीनेशन करे। लोग बीमार न पड़ें, यही सबसे बड़ी राहत है।

सोमड़ी की आँखों में आँसू

चूड़ीटिकरापारा की सोमड़ी सोढ़ी मुख्यमंत्री से मिलते ही भावुक हो उठीं। उनका घर बाढ़ में डूब गया, घर का सामान नष्ट हो गया। लेकिन सरकार से मिली राहत सामग्री और शिविर में मिल रही देखभाल ने उन्हें हिम्मत दी। कहा "हिम्मत मत हारिए, हम सब आपके साथ हैं।"

पूनम की पढ़ाई में नई रोशनी

बाढ़ में किताबें और टैबलेट बह जाने से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही पूनम पटेल बेहद चिंतित थीं। मुख्यमंत्री से मुलाकात में उनकी चिंता सुनकर श्री साय ने तत्काल पुस्तकें और नया टैबलेट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जब पूनम को नया टैबलेट और किताबें मिलीं तो उनके चेहरे पर लौट आई।

लुत्ती डैम हादसा

बलरामपुर जिले में लुत्ती (सतबहिनी) डैम टूटने से 4 की मौत, 3 घायल और 3 लापता। मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त कर जिला प्रशासन को राहत-बचाव कार्य तेज करने और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता के निर्देश दिए।

करमा तिहार

संस्कृति संग सशक्तिकरण

नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ आदिवासी कंवर समाज युवा प्रभाग द्वारा आयोजित करमा तिहार कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि करमा तिहार हमारी संस्कृति व परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जो समाज को जोड़ने और बेटियों के मंगल जीवन की कामना का पर्व है। आदिवासी समाज के योगदान, ट्राइबल म्यूजियम, पीएम जनमन योजना समाज के सशक्तिकरण व युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की प्रतिबद्धता जताई।

नक्सल उन्मूलन

सीएम का अमित शाह से मुलाकात

नई दिल्ली में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात कर नक्सल उन्मूलन और विकास कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2023 से अब तक 453 माओवादी मारे गए, 1616 गिरफ्तार हुए और 1666 ने आत्मसमर्पण किया है। प्रदेश में 65 नए सुरक्षा कैंप स्थापित हुए हैं। सड़क, पुल-पुलिया और मोबाइल नेटवर्क जैसी सुविधाओं का विस्तार हुआ है। मुख्यमंत्री ने बस्तर बाढ़ राहत व पुनर्वास को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

ऊर्जा क्रांति

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर में संयुक्त पावर कंपनीज मुख्यालय भवन का किया शिलान्यास

छत्तीसगढ़ जीरो पावर कट स्टेट से अब मुफ्त बिजली की ओर

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर सेक्टर-24 में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनियों के संयुक्त मुख्यालय भवन की आधारशिला रखी। उन्होंने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत मौलश्री का पौधा भी लगाया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ ने 25 वर्षों में ऊर्जा क्षेत्र में जो छलांग लगाई है, वह पूरे देश के लिए प्रेरणादायी है। वर्ष 2000 में प्रदेश महज 1400 मेगावाट बिजली उत्पादन करता था, आज यह क्षमता बढ़कर 30 हजार मेगावाट हो गई है।

संयुक्त मुख्यालय भवन की विशेषताएँ

- क्षेत्रफल : 10,017 वर्ग मीटर
- क्षमता : 1300 कर्मचारियों के लिए

सुविधाएँ

- 210 सीटों का प्रेक्षागृह
- कर्मचारियों के लिए जिम
- ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन
- दो मंजिला बेसमेंट पार्किंग व मैकेनिकल स्टैक पार्किंग
- मानक - बीईई फाइव स्टार और गृहा फाइव स्टार ग्रीन रेटिंग
- संचालन - पूर्णतः भवन प्रबंधन प्रणाली आधारित

स्त्रोत : https://dprcg.gov.in/

आदि कर्मयोगी अभियान

सशक्त होगा जनजातीय समाज

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया आदि कर्मयोगी अभियान देश की आज़ादी के बाद पहली बार जनजातीय समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार जैसी मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने का व्यापक प्रयास है। यह अभियान 30 राज्यों, 550 जिलों और 1 लाख से अधिक आदिवासी बहुल गांवों में चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इसे सेवा पर्व का रूप देते हुए कहा कि यह शासन और समाज को जोड़ने वाला पुल है। छत्तीसगढ़ में 1.33 लाख से अधिक वालंटियर्स घर-घर जाकर योजनाओं का लाभ दिलाएंगे।

पिक ऑफ द वीक

धारपारूम (कांकेर)

कांकेर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पीढ़ापाल के समीप स्थित धारपारूम, जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। पहाड़ियों से घिरा यह क्षेत्र प्राकृतिक छटा से परिपूर्ण है। यहां घाटीनुमा संरचना के साथ-साथ प्राकृतिक झरना, गुफा तथा पुरातात्विक महत्व के शैलचित्र भी देखने को मिलते हैं। ग्रामीणों की सहभागिता से यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं।

छत्तीसगढ़ संदर्भ



बिलासपुर जिला

- **भौगोलिक क्षेत्र**: 347561 वर्ग किलोमीटर
- **कुल विधानसभा सीट** : 6 (कोटा, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तुरी (अजा))
- **तहसील की संख्या** : 12 (कोटा, तखतपुर, पचपेड़ी, बेलगहना, बेलतरा, बिल्हा, बिलासपुर, बोदरी, मस्तूरी, रतनपुर, सकरी, सीपत)
- **विकासखण्ड** : 4 (बिल्हा, तखतपुर, कोटा, मस्तूरी)
- **जनपद पंचायत** : 4 (बिल्हा, तखतपुर, कोटा, मस्तूरी)
- **नगर पंचायत**: 4 (बिल्हा, कोटा, बोदरी, मल्हार)
- **नगर पालिका परिषद** - 2 (तखतपुर, रतनपुर)
- **नगर निगम** : 1 (बिलासपुर)
- **ग्राम पंचायत**: 483

स्त्रोत : https://bilaspur.gov.in/

6.65 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव छत्तीसगढ़ का नवा रायपुर बनेगा आईटी हब

स्टील और ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित उद्योग शामिल

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ तेजी से निवेश का नया गढ़ बन रहा है। नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद से राज्य को अब तक 6.65 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनमें स्टील और ऊर्जा के साथ-साथ सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित उद्योग भी शामिल हैं।

विदेश दौरे से बढ़ा निवेश

अफसरों के साथ जापान और साउथ कोरिया में निवेशकों से मिले। यहां इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल्स और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर के निवेशकों पर विशेष फोकस रहा। मुंबई और बेंगलुरु जैसे महानगरों के बाद अब विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने की पहल ने राज्य को नई पहचान दी है।

सेक्टरवार निवेश प्रस्ताव (करोड़ रुपए में)

सेक्टर	प्रस्ताव	निवेश राशि
स्टील सेक्टर	24	96,397.77
ऊर्जा सेक्टर	17	72,494.01
इलेक्ट्रॉनिक्स	05	12,405.74
ग्रीन हाइड्रोजन	01	9,000.00
सीमेंट	02	4,167.00
कम्प्रेस्ड बायो गैस	03	3,519.00
आईटी एवं आईटीईएस	03	1,964.75
फूड प्रोसेसिंग	02	1,175.00
एथेनॉल	02	780.70

सेमीकंडक्टर यूनिट

पॉलीमैटेक इलेक्ट्रॉनिक्स ने नवा रायपुर में 11 हजार करोड़ की सेमीकंडक्टर यूनिट और डेटा सेंटर पार्क का भूमि पूजन किया है। कंपनी ने 2030 तक हर साल 10 अरब चिप्स के उत्पादन का लक्ष्य रखा है।

रोजगार के अवसर

अब तक मिले निवेश प्रस्तावों से 65,193 युवाओं को रोजगार मिलने का अनुमान है। जिन उद्योगों को इन्वेस्ट पत्र दिया गया है, वहां 63,751 लोगों को सीधा रोजगार मिलेगा।

ऊर्जा सेक्टर में बड़ा निवेश

सबसे अधिक निवेश ऊर्जा सेक्टर में हुआ है, जहां 3.01 लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रस्ताव मिले हैं। इसमें न्यूक्लियर थर्मल, सोलर, पीएम कुसुम योजना, बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम और पावर ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं।

स्त्रोत : https://dprcg.gov.in/

राज्य स्तरीय रोजगार मेला 9 एवं 10 अक्टूबर को रायपुर में

छत्तीसगढ़ सरकार का राज्य स्तरीय रोजगार मेला 9-10 अक्टूबर को रायपुर में होगा। विभागीय वेबसाइट https://erojgar.cg.gov.in पर ऑनलाइन पंजीयन करना अनिवार्य है। जिंदल स्टील, एयरटेल पेमेंट बैंक, रिलायंस निप्पोन, कॉसमॉस मैनपावर सहित अनेक कंपनियाँ इसमें शामिल होंगी। 5वीं पास से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं के लिए वितरक बॉय, बैंक सहायक, फार्मासिस्ट, ऑपरेटर, इंजीनियर, डॉक्टर और अन्य पद उपलब्ध रहेंगे। रोजगार अवसर छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक व अन्य राज्यों में भी उपलब्ध रहेंगे।

रेलवे में अप्रेंटिस के 2865 पदों पर भर्ती, आवेदन 29 सितंबर तक

वेस्ट सेंट्रल रेलवे ने अप्रेंटिस के 2865 पदों पर भर्ती निकाली है। इच्छुक उम्मीदवार 29 सितंबर 2025 तक ऑफिशियल वेबसाइट wcr.indianrailways.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। पदों में फिटर (843), इलेक्ट्रीशियन (727), वेल्डर (367), सीओपीए (316) सहित अन्य ट्रेड शामिल हैं। शैक्षणिक योग्यता 10वीं/12वीं पास और आईटीआई अनिवार्य है। अधिकतम आयु सीमा 24 वर्ष है, आरक्षित वर्ग को छूट मिलेगी। चयन प्रक्रिया में शॉर्टलिस्टिंग, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और मेडिकल टेस्ट शामिल होंगे।

ईस्टर्न कोलफील्ड्स में 1123 पदों पर भर्ती, आवेदन 11 सितंबर तक

बीएसएफ ने हेड कॉन्स्टेबल (रेडियो ऑपरेटर व रेडियो मैकेनिक) के 1121 पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार 23 सितंबर 2025 तक वेबसाइट rectt.bsf.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता 12वीं में 60% अंक या 10वीं के साथ संबंधित ट्रेड में 2 वर्ष की आईटीआई रखी गई है। आयु सीमा सामान्य वर्ग के लिए 18-25 वर्ष है, आरक्षित वर्ग को छूट मिलेगी। चयन प्रक्रिया में शारीरिक परीक्षा, कंप्यूटर आधारित परीक्षा, डिक्टेशन व मेडिकल टेस्ट शामिल होंगे। अन्य भत्ता सहित वेतनमान 25,500 से 81,100 रुपये प्रतिमाह रहेगा।

स्वास्थ्य विभाग में 100 पदों पर भर्ती, 24 सितंबर तक आवेदन

छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग में वार्ड ब्वॉय और वार्ड आया के 100 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए व्यापमं से ऑनलाइन आवेदन 24 सितंबर शाम 5 बजे तक किए जा सकते हैं। परीक्षा 12 अक्टूबर को होगी। कुल 100 पदों में 50 वार्ड ब्वॉय और 50 वार्ड आया के लिए हैं। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास निर्धारित की गई है। यह भर्ती राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी बिलासपुर सहित कांकेर, कोंडागांव, सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया और जशपुर के लिए होगी। विस्तृत जानकारी व्यापमं की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

जॉब अलर्ट

ईएसआईसी
पदः असिस्टेंट प्रोफेसर
पद संख्याः 243
अंतिम तिथिः 15 सितंबर
www.esic.gov.in

दिल्ली अधीनस्थ सेवा
पदः नॉन-टीचिंगभर्ती
पद संख्याः 615
अंतिम तिथिः 16 सितंबर तक
www.dsssb.delhi.gov.in

IGI
पदः एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ व लोडर्स
पद संख्याः 1446
अंतिम तिथिः 21 सितंबर
igiaviationdelhi.com

BSSC
पदः ऑफिस अटेंडेंट
पद संख्याः 3727
अंतिम तिथिः 21 सितंबर
bssc.bihar.gov.in

CCRAS
पदः एलडीसी सहित अन्य
पद संख्याः 394
अंतिम तिथिः 22 सितंबर
ccras.nic.in

बीपीएससी
पदः सहायक शिक्षा विकास अधिकारी
पद संख्याः 935
अंतिम तिथिः 26 सितंबर
bpsc.bihar.gov.in

राजस्थान केंद्रीय विवि
पदः टीचिंग
पद संख्याः 18
अंतिम तिथिः 30 सितंबर
www.curaj.ac.in

रोजगार और नियोजन

प्रधान संपादक
डॉ. रवि मित्तल
संपादक
जवाहर लाल दरियो
उप महाप्रबंधक (विपणन)
नितिन शर्मा
सहायक संपादक
गीतांजलि नेताम
संपादकीय
संदीप सिन्हा
ग्राफिक डिजाइन-इलेस्ट्रेशन
धनेश कुमार दिवाकर
डाटा एंट्री आपरेटर
अंजुरानी, राकेश साहू
वितरण व्यवस्था
विक्रांत ताम्रकार

- कार्यालय पता -
छत्तीसगढ़ संवाद
(छत्तीसगढ़ शासन जनसंपर्क विभाग का उपक्रम)
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19,
अटल नगर, नवा रायपुर (छत्तीसगढ़)
फोन-0771-2512582, 2512583
ईमेल पता
rojgaraurniyojan@gmail.com

रोजगार और नियोजन निःशुल्क है।

रोजगार और नियोजन में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। रोजगार और नियोजन में प्रकाशित होने वाले लेखों के लिए लेखकों को नियमानुसार मानदेय प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र रायपुर रहेगा।

छत्तीसगढ़

बस्तर में 240 बिस्तरों का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में मंत्रालय महानदी भवन में ऐतिहासिक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। चिकित्सा शिक्षा विभाग और कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल तेलंगाना के बीच हुए इस करार के तहत बस्तर में 200 करोड़ रुपये की लागत से 240 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल शुरू होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब बस्तरवासियों और नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों को इलाज के लिए रायपुर-बिलासपुर नहीं जाना पड़ेगा। यह 10 मंजिला अस्पताल कार्डियोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी जैसी सेवाओं से सुसज्जित होगा।

महाराजा चक्रधर ने संगीत को दिलाई वैश्विक पहचान, समारोह का समापन,

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ में चक्रधर समारोह के समापन अवसर पर कहा कि महाराजा चक्रधर सिंह ने संगीत को वैश्विक पहचान दिलाई। उन्होंने कला-संगीत महाविद्यालय शीघ्र शुरू होने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना, नई उद्योग नीति और रोजगार सृजन सहित सरकार की उपलब्धियाँ गिनाईं। मंच से पद्मश्री कैलाश खेर की प्रस्तुति का आनंद लिया गया। इस अवसर पर डाक विभाग द्वारा महाराजा चक्रधर सिंह पर विशेष आवरण का विमोचन हुआ और रायगढ़ नगर पालिका निगम के शुभंकर "अप्पू राजा" का लॉन्च किया गया। कथक कलाकार डॉ. नलिनी, डॉ. कमलिनी अस्ताना को सम्मानित किया गया।

रायपुर की प्रथम महिला विधायक रजनीताई का निधन

रायपुर की प्रथम महिला विधायक रजनीताई उपासने का रायपुर में निधन हो गया। उनका पूरा परिवार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा और कार्यों से जुड़ा हुआ है। श्रीमती उपासने ने आपातकाल के दौरान भूमिगत आंदोलन का सफल संचालन किया। वर्ष 1977 में वह जनता पार्टी से पहली बार रायपुर शहर की विधायक चुनी गई थीं।

वरिष्ठ स्वयंसेवक श्री शांताराम सर्राफ का निधन

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रांत प्रचारक एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक श्री शांताराम सर्राफ जी के निधन पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सर्राफ जी का संपूर्ण जीवन समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन तथा प्रेरणा का अद्वितीय उदाहरण रहा है। सामाजिक कार्यों में उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा।

डॉ. रीता शांडिल्य को नियुक्त किया पीएससी का पूर्णकालिक अध्यक्ष

राज्य शासन ने डॉ. रीता शांडिल्य को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग का पूर्णकालिक अध्यक्ष नियुक्त किया है। अब तक वे सीजी पीएससी में सदस्य एवं कार्यकारी अध्यक्ष की ज़िम्मेदारी संभाल रही थीं। डॉ. शांडिल्य ने 13 जून 1988 को राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के रूप में राजनांदगांव से अपनी सेवाएँ प्रारंभ की थीं। आईएएस अवार्ड मिलने के बाद वे बेमेतरा की कलेक्टर और सरगुजा में संभागीय आयुक्त रहीं। मंत्रालय में उन्होंने सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी), सहकारिता विभाग, तकनीकी शिक्षा, महिला एवं बाल विकास जैसे विभागों की ज़िम्मेदारी संभाली।

महतारी वंदन योजना की 19वीं किस्त जारी, 69 लाख महिलाओं को मिला लाभ

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ जिले के खरसिया में आयोजित कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की 19वीं किस्त के तहत प्रदेश की 69,15,994 महिलाओं के बैंक खातों में 647.13 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। 1 मार्च 2024 से प्रारंभ हुई इस योजना के तहत अब तक कुल 12,376.19 करोड़ रुपये की राशि सीधे हितग्राहियों तक पहुँचाई जा चुकी है।

शिक्षक दिवस पर 64 उत्कृष्ट शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान

राज्यपाल श्री रमेन डेका और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजभवन के छत्तीसगढ़ मंडपम् में शिक्षक दिवस पर 64 उत्कृष्ट शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता बताते हुए शिक्षा को विकास का मूलमंत्र कहा। राज्यपाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को गेम चेंजर बताते हुए मातृभाषा में शिक्षा पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, मुक्तिबोध, मुकुटधर पांडेय और बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति पुरस्कार भी उत्कृष्ट शिक्षकों को प्रदान किए गए। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने वर्ष 2025 के लिए चयनित 64 शिक्षकों के नामों की घोषणा की।

मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राजनांदगांव में शुरू हुई निशुल्क नीट-जेईई कोचिंग

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राजनांदगांव जिला प्रशासन ने 684 मेधावी विद्यार्थियों के लिए दो वर्षीय निशुल्क नीट-जेईई कोचिंग की ऐतिहासिक पहल की है। इसका शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और सांसद श्री संतोष पांडेय की उपस्थिति में हुआ। जिला प्रशासन ने इसके लिए फिजिक्स वाला और भिलाई एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट से करार किया है। कक्षाएँ प्रत्येक शनिवार-रविवार चार घंटे की होंगी और अध्ययन सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

रजत जयंती वर्ष में 4000 पंचायतों में शुरू होंगे अटल डिजिटल सेवा केंद्र

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ जिले के खरसिया में आयोजित कार्यक्रम में रेलवे ओवरब्रिज सहित 66.84 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर 20 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की घोषणा भी की। खरसिया के कबीर चौक से डभरा रोड तक बाईपास सड़क निर्माण के लिए 10 करोड़, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और स्विमिंग पूल सहित अन्य सुविधाओं की मरम्मत के लिए 2 करोड़ तथा खरसिया नगर पालिका क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों के लिए 8 करोड़ रुपये की घोषणा शामिल है। पंचायत स्तर पर भी अटल डिजिटल सेवा केंद्रों के माध्यम से बैंकिंग और शासकीय सेवाएँ गांव-गांव तक पहुँच रही हैं। 1460 पंचायतों में यह सुविधा प्रारंभ हो चुकी है, उन्होंने घोषणा की कि रजत जयंती वर्ष के दौरान 4000 पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र खोले जाएंगे।

राष्ट्रीय

राम गोपाल 90 डिग्री उत्तर ध्रुव पर पूर्ण मैराथन पूरा करने वाले पहले भारतीय

90 डिग्री उत्तर ध्रुव पर, जहाँ हर दिशा दक्षिण होती है और जमी हुई आर्कटिक महासागर 'जमीन' का रूप ले लेती है, वहाँ भारतीय तिरंगा लहराया गया। 13 जुलाई 2025 को, कोलकाता में जन्मे उद्यमी और साहसी यात्री राम गोपाल कोठारी पहले भारतीय बने जिन्होंने भौगोलिक उत्तर ध्रुव पर पूर्ण मैराथन पूरा किया। धरती के सबसे कठिन दौड़-पथों में से एक यह मैराथन 3 मीटर गहरी बर्फीली परतों पर आयोजित होता है, जिसके नीचे समुद्र होता है। यह आयोजन वर्ष में केवल एक बार किया जाता है।

उर्जित पटेल आईएमएफ में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बने

रिज़र्व बैंक के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को आईएमएफ में एग्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। वे इस पद पर तीन साल तक काम करेंगे। वह के.वी. सुब्रमण्यम की जगह लेंगे। सुब्रमण्यम की सेवाएँ सरकार ने उनका कार्यकाल पूरा होने से छह महीने पहले समाप्त कर दी थीं।

भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर जून के 1.5% से बढ़कर जुलाई में 3.5%

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर जुलाई में बढ़कर 3.5 प्रतिशत हो गई, जो चार महीने का उच्चतम स्तर है, जबकि जून में यह 1.5% थी। विनिर्माण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण यह वृद्धि दर्ज की गई। देश के औद्योगिक उत्पादन में इससे पहले मार्च 2025 में 3.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। देश के औद्योगिक उत्पादन में इससे पहले मार्च 2025 में 3.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

दिनेश पटनायक बने कनाडा के उच्चायुक्त

वरिष्ठ राजनयिक दिनेश के. पटनायक को कनाडा में भारत का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब भारत और कनाडा के बीच राजनयिक संबंधों में सुधार के संकेत दिख रहे हैं। यह पद पिछले नौ महीनों से खाली था।

दीपक मित्तल को यूएई में भारत का अगला राजदूत नियुक्त

वरिष्ठ राजनयिक दीपक मित्तल को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। भारतीय विदेश सेवा के 1998 बैच के अधिकारी मित्तल वर्तमान में प्रधानमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं। विदेश मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि उम्मीद है कि वे जल्द ही अपना कार्यभार संभालेंगे।

मिजोरम रेल नेटवर्क से जुड़ेगा 13 सितंबर को उद्घाटन

मिजोरम पहली बार देश के राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जुड़ने जा रहा है। बैराबी-सैरांग रेल लाइन पूरी होने को है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 13 सितंबर को इसका उद्घाटन करेंगे। 51.38 किलोमीटर लंबी रेल लाइन पूर्वोत्तर के सबसे चुनौतीपूर्ण इलाकों से गुज़री है। 12 किलोमीटर में 48 सुरंगें और 142 पुल बनाए गए हैं। इस लाइन से गुवाहाटी-आइज़ोल की यात्रा 18 घंटे से घटकर 12 घंटे की रह जाएगी।

एयर मार्शल संजीव घुराटिया IAF के रखरखाव प्रमुख नियुक्त

एयर मार्शल संजीव घुराटिया एवीएसएम, वीएसएम ने भारतीय वायु सेना मुख्यालय में एयर ऑफिसर-इन-चार्ज मेंटेनेंस (AOM) का पदभार संभाल लिया है। 37 वर्षों की सेवा में उन्होंने तकनीकी विशेषज्ञता और नेतृत्व का परिचय दिया है। कार्यभार ग्रहण करते ही उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। जीईसी जबलपुर, बिट्स पिलानी और भोपाल यूनिवर्सिटी से शिक्षित घुराटिया कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से जुड़े हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मिशन कांगो में भी उत्कृष्ट सेवा दी थी। सेवा के दौरान उन्हें विशिष्ट सेवा पदक (2016) और अति विशिष्ट सेवा पदक (2025) से सम्मानित किया गया।

भारत में शुरू हुआ पहला मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग सिस्टम

भारत ने मल्टी-लेन फ्री फ्लो (MLFF) टोलिंग सिस्टम लॉन्च किया है। यह तकनीक वाहनों को बिना रुके टोल पार करने की सुविधा देगी। प्रणाली का पहला क्रियान्वयन गुजरात के चोर्यासी शुल्क प्लाज़ा (NH-48) पर किया गया है। FASTag और ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (ANPR) आधारित यह प्रणाली जाम, समय और प्रदूषण कम करेगी तथा राजस्व संग्रह में पारदर्शिता लाएगी। NHAI और IHMCL ने 30 अगस्त 2025 को आईसीआईसीआई बैंक के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। अगले वित्त वर्ष में इसे 25 और राष्ट्रीय राजमार्गों पर लागू किया जाएगा।

राजस्थान ऑन-डिमांड परीक्षा कराने वाला पहला राज्य होगा

अगर आप स्टेट ओपन या देश के किसी भी अन्य बोर्ड की परीक्षा में असफल हो गए हैं तो अब आपका एक साल खराब नहीं होगा। राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल अब ऐसे विद्यार्थियों को उसी साल उत्तीर्ण होने का मौका देने के लिए ऑन-डिमांड एग्ज़ाम की नई प्रणाली लेकर आया है। राजस्थान देश का पहला राज्य होगा, जहाँ ऑन-डिमांड परीक्षा आयोजित की जाएगी। सितंबर में पहली बार इसके लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो सकती है। इसके बाद अक्टूबर में पहली बार ऑन-डिमांड परीक्षा का आयोजन होगा। आगे जनवरी और मार्च में भी परीक्षाएँ आयोजित की जाएँगी।

पासपोर्ट रैंकिंग में भारत ने लगाई 4 पायदान की छलांग

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2025 में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। 58 देशों में वीजा-फ्री पहुंच के साथ भारत अब 76वें स्थान पर आ गया है, जबकि पिछले साल यह 80वें स्थान पर था। भारतीय पासपोर्ट धारकों को अब एशिया, अफ्रीका और कैरेबियन के कई देशों में बिना वीजा के प्रवेश मिलेगा। वहीं, अमेरिका की स्थिति गिरी है और उसका पासपोर्ट आइसलैंड व लिथुआनिया के साथ संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर पहुंच गया है। यह रैंकिंग दुनियाभर के पासपोर्ट की ताकत और वैश्विक गतिशीलता को दर्शाती है।

अंतरराष्ट्रीय

"ISS पर दिखा रहस्यमयी 'ब्लू जेट', NASA एस्ट्रोनॉट ने साझा की तस्वीर

ISS Astronauts: International Space Station पर मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों ने दो बहुत ही अद्भुत और रहस्यमयी नीले जेट को देखा है। यह धरती के वायुमंडल से ऊपर की तरफ उड़ती हुई एक बड़ी बिजली का जेट है। यह बिजली की घटनाएँ तूफानी बादलों से बहुत ऊपर होती हैं और वैज्ञानिक अभी तक इसके पीछे के राज को पूरी तरह से समझ नहीं पाए हैं। स्पेस वेबसाइट के अनुसार, NASA के अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर ने एक 'ब्लू जेट' की तस्वीरें खींची हैं।"

टॉप 100 एआई लीडर्स की लिस्ट में भारतवंशी रवि कुमार भी

प्रतिष्ठित टाइम मैग्ज़ीन ने 2025 की टॉप 100 एआई लीडर्स की सूची जारी कर दी है। इसमें दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली टेक सीईओ, सह-संस्थापक और कार्यकारी शामिल किए गए हैं, जिन्होंने आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में अहम योगदान दिया। लिस्ट में कॉग्निजेंट के भारतवंशी सीईओ रवि कुमार एस. का नाम भी शामिल है। उनके अलावा टेस्ला और एक्स के सीईओ एलन मस्क, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग, ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन और क्लाउडफ्लेयर के सीईओ मैथ्यू प्रिंस के नाम प्रमुख हैं।

भारत-जापान सहयोग, अगले 10 साल में 6 लाख करोड़ निवेश

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा के दौरान दोनों देशों ने ऐतिहासिक आर्थिक साझेदारी को नई ऊंचाई दी। जापान ने अगले 10 वर्षों में भारत में 6 लाख करोड़ रुपये निवेश का ऐलान किया है। पीएम मोदी ने भारत-जापान बिजनेस फोरम में कहा कि जापानी टेक्नोलॉजी और भारतीय टैलेंट मिलकर दुनिया को बदलने की क्षमता रखते हैं। सहयोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग, बायोटेक और स्पेस जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित होगा। पीएम मोदी ने जापानी पीएम शिगेरु इशिबा से मुलाकात कर रोडमैप तैयार किया।

GPI 2025: सिंगापुर एशिया का सबसे सुरक्षित देश घोषित

वैश्विक शांति सूचकांक (Global Peace Index – GPI 2025) में सिंगापुर को एशिया का सबसे सुरक्षित देश और दुनिया में 6वां स्थान मिला है। इंस्टिट्यूट फॉर इकनॉमिक्स एंड पीस (IEP) द्वारा जारी इस रिपोर्ट में 163 देशों का मूल्यांकन किया गया। आइसलैंड लगातार सबसे शांतिपूर्ण देश बना हुआ है। सिंगापुर का स्कोर 1.357 रहा, जो 2024 से बेहतर है। एशिया में जापान, मलेशिया और भूटान शीर्ष देशों में शामिल रहे। भारत 2.229 स्कोर के साथ 115वें स्थान पर है।

एजुकेट गर्ल्स बनी 2025 रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड पाने वाली पहली भारतीय संस्था

'एजुकेट गर्ल्स' NGO को 2025 के रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। एशिया का यह सर्वोच्च सम्मान पहली बार किसी भारतीय संस्था को मिला है। यह पुरस्कार एजुकेट गर्ल्स को स्कूल बीच में ही छोड़ चुकी लड़कियों को वापस शिक्षा से जोड़ने की पहल के लिए दिया है। इस पहले के चलते अब तक उन्हों ने 2 करोड़ से भी ज्यांदा बच्चियों को वापस स्कूल से जोड़ा है। ये सम्माहन पाकर एजुकेट गर्ल्स का नाम सत्यजीत रे, एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी, किरण बेदी, विनोबा भावे, दलाई लामा, मदर टेरेसा और ऑस्कर विजेता हायाओ मियाजाकी के साथ शामिल हो गया है।

सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग भारत दौरे पर, आर्थिक साझेदारी पर होगा फोकस

सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग 3 दिवसीय भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। उनकी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ वार्ता होगी। शिपिंग, नागरिक उड्डयन और अंतरिक्ष सहित पाँच समझौतों पर हस्ताक्षर होंगे। न्हावा शेवा पोर्ट के नए टर्मिनल का वर्चुअल उद्घाटन किया जाएगा, जिसमें सिंगापुर ने 83,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह दौरा दोनों देशों के राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रहा है।

आई स्टेथोस्कोप: 15 सेकंड में दिल की बीमारी पकड़ लेता है

ब्रिटेन के इंपीरियल कॉलेज, लंदन के वैज्ञानिकों ने एक एआई-पावर्ड स्टेथोस्कोप तैयार किया है, जो सिर्फ 15 सेकंड में दिल की तीन गंभीर बीमारियों की पहचान कर सकता है। यह डिवाइस हार्ट फेल्योर, हार्ट वाल्व डिज़ीज़ और दिल की धड़कन की अनियमितता (एब्नॉर्मल रिद्म) को तुरंत पकड़ लेता है। यह नया स्टेथोस्कोप पारंपरिक स्टेथोस्कोप का उन्नत संस्करण है, जिसका उपयोग पिछले 200 साल से किया जा रहा है।

भारत में बनी पहली माइक्रोप्रोसेसर चिप 'विक्रम' लॉन्च

सेमीकॉन इंडिया 2025 इवेंट में देश की पहली पूरी तरह से स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर चिप 'विक्रम' को लॉन्च किया गया है। ये चिप भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की सेमीकंडक्टर लैबोरेट्री (SCL) ने बनाई है और इसे खास तौर पर अंतरिक्ष मिशनों के लिए तैयार किया गया है।

अमेरिका से पहली बार भारत को हस्तांतरित होगी परमाणु प्रौद्योगिकी

देश के इतिहास में पहली बार ऐसा होने जा रहा है कि अमेरिकी कंपनी अपनी परमाणु प्रौद्योगिकी भारत को हस्तांतरित करने जा रही है। अमेरिका की फ्लोसर्व कॉरपोरेशन ने भारत की कोर एनर्जी सिस्टम्स लिमिटेड के साथ देश में परमाणु ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्राइमरी कूलेंट पंप (पीसीपी) प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण हेतु समझौता किया है। इस प्रौद्योगिकी की मदद से 2047 तक भारत परमाणु ऊर्जा से 100 गीगावाट बिजली उत्पादन के अपने लक्ष्य को हासिल कर सकेगा। वर्तमान में मात्र 8.2 गीगावाट बिजली का उत्पादन परमाणु संयंत्रों के जरिए हो रहा है।

लाल सागर में केबल कटी दुनियाभर में इंटरनेट धीमा

लाल सागर में सऊदी अरब के पास फाइबर ऑप्टिक केबल क्षतिग्रस्त होने से दुनियाभर में इंटरनेट धीमा हो गया है। ये केबल्स यूरोप और एशिया के बीच इंटरनेट कनेक्शन के लिए जरूरी हैं। आशंका है कि यमन के हूती विद्रोहियों ने केबल को नुकसान पहुंचाया है। हालांकि हूती ने इससे इनकार किया है। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा है कि केबल की मरम्मत में समय लग सकता है।

स्रोत : pib, newsonair, ptinews, aninews

खेल / कला

कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग: अजय बाबू और बेदाब्रत ने रिकॉर्ड बनाकर जीते गोल्ड

कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग में अजय बाबू व बेदाब्रत ने गोल्ड जीते। अजय ने सीनियर 79 किग्रा में 335 किलो (स्नैच 152 किलो, क्लीन एंड जर्क 183 किलो) उठाकर चैम्पियनशिप रिकॉर्ड बनाया। जूनियर 79 किग्रा में बेदाब्रत ने स्नैच (145), क्लीन एंड जर्क (181) व कुल 326 किलो के साथ तीनों रिकॉर्ड तोड़े।

चेस: अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो ने जीता सिंकफील्ड कप

अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो ने सिंकफील्ड कप का खिताब जीत लिया। अंतिम राउंड के बाद वेस्ली ने भारत के आर. प्रज्ञानानंद और अमेरिका के फेबियानो कारुआना के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर फिनिश किया। इसके चलते तीनों ग्रैंडमास्टर्स के बीच प्लेऑफ खेला गया। इसमें वेस्ली विजेता बने।

डायमंड लीग फाइनल: नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर

भारत के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख डायमंड लीग फाइनल 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 85.01 मीटर की अंतिम थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। जर्मनी के जूलियन वेबर ने 91.51 मीटर की सीज़न सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ खिताब जीता, जबकि त्रिनिदाद और टोबैगो के केशॉर्न वॉलकॉट 84.95 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज ने लगातार 26वीं बार शीर्ष-दो स्थानों में जगह बनाकर अपनी विश्वस्तरीय निरंतरता साबित की।

महक शर्मा ने रजत, लवप्रीत सिंह ने कांस्य पदक जीता

भारत की महक शर्मा ने राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप के अंतिम दिन महिलाओं के 86 किग्रा से अधिक वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि लवप्रीत सिंह ने पुरुषों के 110 किग्रा से अधिक वर्ग में कांस्य पदक जीता। महक ने कुल 253 किग्रा (स्नैच में 110 किग्रा और क्लीन और जर्क में 143 किग्रा) भार उठाकर वीर सावरकर खेल परिसर में दूसरा स्थान हासिल किया। सामोआ की इउनियारा सिपाया ने 261 किग्रा (स्नैच में 111 किग्रा और क्लीन और जर्क में 150 किग्रा) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता नाइजीरिया की मैरी ताइवो ओसिजो ने कुल 231 किग्रा (स्नैच में 103 किग्रा और क्लीन और जर्क में 128 किग्रा) भार उठाकर कांस्य पदक जीता।

BWF वर्ल्ड चैंपियनशिप: सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में हारे, मिला ब्रॉन्ज

भारत की टॉप बैडमिंटन जोड़ी सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को BWF वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेंस डबल्स के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। 30 अगस्त की रात को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में चीन के चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी ने 19-21, 21-18, 12-21 से हराया। मुकाबला एक घंटे सात मिनट तक चला। ऐसे में भारतीय जोड़ी को ब्रॉन्ज मेडल से ही संतोष करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को 2022 में भी ब्रॉन्ज मेडल मिला था।

छत्तीसगढ़ को एथलेटिक चैंपियनशिप में 6 गोल्ड समेत 8 पदक मिले

14वीं राष्ट्रीय जूनियर और सब-जूनियर पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में ग्वालियर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी प्रशिक्षण केंद्र में 29 से 31 अगस्त के बीच हुई इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने 6 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। 1500 मीटर और 400 मीटर रेस में सुखदेव ने टी-11 कैटेगरी में गोल्ड जीता। 1500 मीटर रेस में निखिल कुमार यादव ने भी गोल्ड हासिल किया। टी-12 वर्ग की 400 मीटर दौड़ में नीलम टंडन ने रजत, टी-11 वर्ग की लंबी कूद में देवमोती ने कांस्य पदक जीता। टी-45 वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में शिवराम साहू ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि शॉट पुट और डिस्कस थ्रो में यशोदा राजवाड़े ने दो स्वर्ण पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया।

आईसीसी महिला विश्व कप: चैंपियन को मिलेगा अब तक का सबसे बड़ा इनाम

आईसीसी ने घोषणा की है कि आगामी महिला वनडे विश्व कप 2025 की विजेता टीम को 4.48 मिलियन डॉलर (लगभग 39.55 करोड़) की रिकॉर्ड राशि मिलेगी। यह अब तक के टूर्नामेंट इतिहास का सबसे बड़ा इनाम है, जो पिछले संस्करण की 11.65 करोड़ राशि से लगभग तीन गुना ज्यादा है। इस बार कुल 13.88 मिलियन डॉलर (122.5 करोड़) की पुरस्कार राशि तय की गई है। भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से 30 सितंबर से इस 13वें संस्करण की मेजबानी करेंगे। आठ टीमों के इस मेगा टूर्नामेंट में महिला क्रिकेट को नई ऊँचाई मिलने की उम्मीद है।

प्रणव वेंकटेश ने रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ जीत दर्ज की

विश्व जूनियर चैंपियन प्रणव वेंकटेश ने स्पेन के ग्रैंडमास्टर एलेन पिचोट को हराकर फुजैरा ग्लोबल सुपरस्टार्स शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया। प्रणव ने नौ में से सात अंक बनाए और अमेरिका के ब्रैंडन जैकबसन, मैक्सिको के जोस एडुआर्डो मार्तिनेज तथा ईरान के अमीन टाबाटाबाई से एक अंक आगे रहे। ग्रैंडमास्टर आदित्य मित्तल और शीर्ष वरीयता प्राप्त ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन 5.5 अंक लेकर संयुक्त पाँचवें स्थान पर रहे। आदित्य कुल मिलाकर छठे और निहाल 12वें स्थान पर रहे। अठारह वर्षीय प्रणव ने नौ दौर के टूर्नामेंट में एक भी पराजय का सामना नहीं किया। उन्होंने पाँच जीत दर्ज कीं, जबकि चार मुकाबले ड्रॉ रहे। इस प्रदर्शन के साथ उन्हें 23,000 डॉलर की पुरस्कार राशि और 28 ईएलओ रेटिंग अंक मिले।

पाकिस्तानी बल्लेबाज आसिफ अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

पाकिस्तान के सीमित ओवरों के मध्यक्रम के बल्लेबाज आसिफ अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। 33 वर्षीय आसिफ ने इसे अपने पेशेवर करियर का सबसे गौरवपूर्ण अध्याय बताते हुए कहा कि पाकिस्तान की जर्सी पहनना उनके लिए सम्मान की बात रही। फैसलाबाद के इस खिलाड़ी ने 2018 में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था और 2019 वनडे विश्व कप तथा 2021 और 2022 टी20 विश्व कप में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया। वह 2018 वनडे एशिया कप और 2022 टी20 एशिया कप की टीम का हिस्सा भी रहे। आसिफ अब घरेलू और फ्रेंचाइजी लीग क्रिकेट खेलते रहेंगे।

कार्यालय कलेक्टर, (आदिम जाति कल्याण शाखा) जिला-जशपुर (छ.ग.)

(कलेक्टोरेट प्रथम तल, दूरभाष 077763-223212, Email-id-actd.jashpur@gmail.com)

क्रमांक /1950 / वन अधि./आ.जा.क./2025-26 जशपुर, दिनांकः- 25-08-2025

अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 एवं नियमों के प्रभावी एवं सूचारू क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर तथा चिन्हित अनुभाग स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में क्रमशः जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक-वन अधिकार अधिनियम) एवं एमआईएस सहायक (सहायक-वन अधिकार अधिनियम) की नियुक्ति किये जाने हेतु ऑफलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन रजिस्टर्ड डॉक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जिला-जशपुर (छ.ग.) में किया जा सकेगा। विवरण निम्नानुसार है :-

क्र	पद का नाम	मानदेय	पद की संख्या	निर्धारित अवधि	स्तर	रिमार्क
1	जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक- वन अधिकार अधिनियम)	30,000/-	01	01 वर्ष	जिला स्तर	प्रत्येक जिले के जिला स्तरीय समिति स्तर पर
2	एमआईएस सहायक (सहायक-वन अधिकार अधिनियम)	20,000/-	03 एसडीएलसी बगीचा-01 फरसबहार-01 पत्थलगांव-01	01 वर्ष	चिन्हित अनुभाग स्तर पर	संबंधित जिले के चिन्हित उपखण्ड स्तरीय समिति स्तर पर

1. आवेदन पत्र आमंत्रित करनें की अंतिम तिथि-14.09.2025 समय 5:00 बजे सांय तक।

नोटः-

पद की शर्तेः-

1. यह पद अशासकीय एवं पूर्णतः अस्थायी होंगे तथा निर्धारित एवं नियत की गई अवधि के अंतर्गत सीमित होंगे।
2. यह पद पूर्णतः अस्थानांतरणीय (Non Transferable) होंगे।
3. धरती आबा-जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन हेतु वन अधिकार प्रकोष्ठ के गठन हेतु प्राप्त बजट अनुसार प्रथमतः 01 वर्ष तक सीमित होगी एवं द्वितीय वर्ष हेतु बजट प्राप्ति की दशा में द्वितीय वर्ष तक पदावधि का विस्तार होगा।

पात्रता की शर्तेः-

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातक उपाधि प्राप्त की हो। कम्प्यूटर का ज्ञान होना चाहिये, जिसमें एमएस ऑफिस इत्यादि सम्मिलित है ।
   वन अधिकार अधिनियम, 2006 के क्रियान्वयन का (समन्वयक-वन अधिकार अधिनियम के लिए न्यूनतम 03 वर्ष एवं सहायक वन अधिकार अधिनियम के लिए न्यूनतम 02 वर्ष) मैदानी क्षेत्रों में कार्य करने का अनुभव हो जैसेः- जिले में जिला स्तरीय वन अधिकार प्रकोष्ठ तथा उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार प्रकोष्ठ में कार्यरत रहे जिला परियोजना समन्वयक तथा क्षेत्रीय कार्यकर्ता को वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन से संबंधित कार्य कुशलता एवं प्रदर्शन के आधार पर अनुभव का weightage दिया जा सकता है। इस हेतु छत्तीसगढ़ राज्य में कार्यरत किसी शासकीय अथवा FRA क्रियान्वयन के क्षेत्र में पंजीकृत अशासकीय संस्था का अनुभव प्रमाणपत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा ।
2. अधिकतम आयु 01 जनवरी 2025 की स्थिति में 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।
3. आवेदक छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना चाहिये, इस आशय का प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा। जनजातीय परंपराओं, रीतिरिवाजों, संस्कृति की सामान्य जानकारी होनी चाहिये।

4. आवेदन की प्रक्रिया तथा निर्धारित तिथि :-

(i) आवेदन निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण कर तथा आवश्यक दस्तावेज स्वयं सत्यापित कर विज्ञापन जारी होने के (21) इक्कीस दिवस के भीतर संबंधित जिला मुख्यालय के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास के कार्यालय में प्रस्तुत / जमा करेंगे।

(ii) आवेदन पत्र के परीक्षण उपरान्त सही पाये गये आवेदन पत्र के आधार पर पात्रता रखने वाले आवेदकों को संबंधित जिला मुख्यालय में साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा। आवेदक को साक्षात्कार हेतु आने जाने का व्यय स्वयं वहन करना होगा।

(iii) साक्षात्कार के समय शैक्षणिक तथा अनुभव संबंधी मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। साक्षात्कार के लिये निर्धारित तिथि से दूरभाष / ईमेल माध्यम से अवगत कराया जावेगा।

(iv) साक्षात्कार हेतु जिला कलेक्टर / अध्यक्ष, डीएलसी द्वारा जिला स्तर पर समिति का गठन किया जायेगा। निर्धारित तिथि पर साक्षात्कार समिति द्वारा प्रत्येक पात्र आवेदक का साक्षात्कार लिया जायेगा। साक्षात्कार समिति में मुख्यालय से विषय विशेषज्ञों एवं अन्य को आमंत्रित किया जा सकता है।

(v) 50 प्रतिशत अंक साक्षात्कार पर तथा 50 प्रतिशत अंक स्नातक परीक्षा के प्राप्तांको के आधार पर दिया जाकर मेरिट सूची तैयार कर सफल / चयनित अभ्यर्थियों की पदस्थापना की जायेगी। सफल अभ्यर्थियों को 02 सप्ताह में कार्यस्थल पर कार्य पर उपस्थिति देनी होगी। अन्यथा कार्य पर उपस्थित न होने की दशा में प्रतीक्षा सूची से अन्य अभ्यर्थी को अवसर दिया जायेगा, इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी (जिला कलेक्टर) का निर्णय अंतिम होगा।

(vi) पदस्थापना जिला स्तर पर सक्षम प्राधिकारी (जिला कलेक्टर) द्वारा की जायेगी, इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

पद के कर्तव्य

जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक-वन अधिकार अधिनियम)-(जिला स्तर)

1. वन अधिकार अधिनियम, 2006 के क्रियान्वयन अंतर्गत सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में एफआरए शाखा में पदस्थ शाखा प्रभारी को वन अधिकार अधिनियम से संबंधित विभिन्न कार्यों यथा- एफआरए एमपीआर, क्यूपीआर एवं समय-समय पर विभिन्न प्रकार की जानकारियों के संग्रहण एवं विश्लेषण में तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
2. वन अधिकार अधिनियम से संबंधित सभी समितियों / ग्रामसभा के सदस्यों / मैदानी कर्मचारियों को एफआरए के क्रियान्वयन अंतर्गत अधिनियम की धारा 3 (1) एवं 3 (2) में उल्लेखित अधिकारों से संबंधित व्यवहारिक प्रशिक्षण तथा दावा पश्च कार्य जैसे सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन, केन्द्र एवं राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों के सुसंगत योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से आजीविका संवर्धन प्रदान करना। प्रशिक्षण पश्चात वन अधिकार समितियों के सदस्य / मैदानी कर्मचारियों को वन अधिकार दावा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए समयबद्ध तरीके से सामंजस्य स्थापित करना।
3. वन अधिकारों की मान्यता एवं सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन प्रक्रिया के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति (DLC) एवं जिला स्तरीय निगरानी समिति (DLMC) के गठन/पुनर्गठन, बैठक एवं समिति द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशानुसार कार्यवाही किए जाने में आवश्यक तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
4. वन अधिकारों की मान्यता का दस्तावेजीकरण, दस्तावेजों के संबंधित विभागों के अभिलेखों में अद्यतनीकरण, फौती, नामांतरण आदि कार्यों में तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
5. विभाग द्वारा संचालित सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली से संबंधित कार्यों के क्रियान्वयन में आवश्यक सहयोग प्रदान करना।
6. मैदानी क्षेत्र भ्रमण कर कियान्वयन संबंधित समस्याओं का आंकलन कर निराकरण हेतु संबंधित समितियों, विभागों एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ समन्वय स्थापित करना।
7. राज्य स्तर एवं अनुभाग स्तर पर एफआरए सेल के बीच समन्वय स्थापित कर क्रियान्वयन को बेहतर करना।
8. वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन से संबंधित विभागों के बीच जिला स्तर पर समन्वय स्थापित करना।
9. विभाग द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले मैदानी क्षेत्र के निरीक्षण, अध्ययन एवं

क्रमशः

तकनीकी सहयोग संबंधी भ्रमण के दौरान आवश्यक समन्वय एवं सहयोग प्रदान करना।

10. अधिनियम के व्यावहारिक जागरूकता हेतु समय समय पर विभिन्न माध्यम से जैसे जागरूकता शिविर, कार्यशाला एवं परामर्शदात्री बैठकों इत्यादि में आवश्यक सहयोग प्रदान करना।
11. जिला स्तर पर वन अधिकार पर काम कर रहे गैर सरकारी संस्थाओ से वन अधिकार दावा व प्रबंधन प्रक्रिया मे गति हेतु आवश्यक संवाद स्थापित करना।
12. एमआईएस सहायक (सहायक-वन अधिकार अधिनियम) के साथ सामंजस्यपूर्ण कार्य करना एवं वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभिन्न पहलुओं पर आवश्यक मागदर्शन प्रदान करना।
13. विभाग / विभागाध्यक्ष कार्यालय द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य।
14. संबंधित जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास को रिपोर्टिंग करना।
15. वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन आनुषांगिक कार्य ही करना।
16. वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के समय वनों से संबंधित अन्य विधियों तथा नीतियों संबंधित आवश्यक कार्यवाही को राज्य स्तर से मागदर्शन प्राप्त कर कार्यवाही करना।
17. अनुभाग स्तर पर एफआरए सेल के बीच समन्वय स्थापित करने में सहयोग करना।

एमआईएस सहायक (सहायक वन अधिकार अधिनियम)- (उपखण्ड स्तर)

1. वन अधिकार अधिनियम, 2006 के क्रियान्वयन अंतर्गत अनुभाग / उपखण्ड में पदस्थ वन अधिकार शाखा प्रभारी को वन अधिकार अधिनियम से संबंधित विभिन्न कार्यों यथा-एफआरए एमपीआर, क्यूपीआर एवं समय-समय पर विभिन्न प्रकार की जानकारियों के संग्रहण एवं विश्लेषण में तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
2. वन अधिकार अधिनियम से संबंधित सभी समितियों / ग्रामसभा के सदस्यों / मैदानी कर्मचारियों को एफआरए के क्रियान्वयन अंतर्गत अधिनियम की धारा 3 (1) एवं 3(2) में उल्लेखित अधिकारों से संबंधित व्यवहारिक प्रशिक्षण तथा दावा पश्च कार्य जैसे सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन, केन्द्र एवं राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों के सुसंगत योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से आजीविका संवर्धन प्रदान करना। प्रशिक्षण पश्चात वन अधिकार समितियों के सदस्य / मैदानी कर्मचारियों को वन अधिकार दावा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए समयबद्ध तरीके से सामंजस्य स्थापित करना।
3. वन अधिकारों की मान्यता एवं सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन प्रक्रिया के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उपखण्ड स्तरीय समिति के गठन / पुनर्गठन, बैठक एवं समिति द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशानुसार कार्यवाही किए जाने में आवश्यक तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
4. वन अधिकारों की मान्यता का दस्तावेजीकरण, दस्तावेजों के संबंधित विभागों के अभिलेखों में अद्यतनीकरण, फौती, नामांतरण आदि कार्यों में तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
5. विभाग द्वारा संचालित सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली से संबंधित कार्यों के क्रियान्वयन में आवश्यक सहयोग प्रदान करना।
6. मैदानी क्षेत्र भ्रमण कर क्रियान्वयन संबंधित समस्याओं का आंकलन कर निराकरण हेतु संबंधित समितियों, विभागों एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ समन्वय स्थापित करना।
7. जिला स्तर एवं ग्रामसभा तथा मैदानी स्तर के कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित कर क्रियान्वयन को बेहतर करना।
8. वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन से संबंधित विभागों के बीच उपखण्ड/अनुभाग एवं मैदानी स्तर पर समन्वय स्थापित करना।
9. विभाग द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले मैदानी क्षेत्र के निरीक्षण, अध्ययन एवं तकनीकी सहयोग संबंधी भ्रमण के दौरान आवश्यक समन्वय एवं सहयोग प्रदान करना।
10. अधिनियम के व्यावहारिक जागरूकता हेतु समय समय पर विभिन्न माध्यम से जैसे जागरूकता शिविर, कार्यशाला एवं परामर्शदात्री बैठकों इत्यादि में आवश्यक सहयोग प्रदान करना।
01. आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप कार्यालय प्राचार्य / नोडल अधिकारी, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दुर्ग, जिला- दुर्ग (छ.ग.) से प्राप्त किया जा सकता है, या संस्था की वेबसाइड www.govtitidurg.org से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन निर्धारित प्रारूप में स्वच्छ, स्पष्ट एवं सुवाच्यरूप से बिना कांट-छांट के पूर्ण आवेदन भरकर कार्यालय प्राचार्य / नोडल अधिकारी, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दुर्ग, जिला दुर्ग, पिन कोड 491001 (पत्र व्यवहार का पूर्ण पता पिन कोड सहित) केवल स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक से ही प्रेषित किया जाना है। आवेदक द्वारा लिफाफे के ऊपर व्यवसाय/ विषय का नाम (जिस व्यवसाय / विषय हेतु आवेदन किया जा रहा है) एवं संस्था का नाम (जिस संस्था हेतु आवेदन किया जा रहा है) लिखना अनिवार्य है।

02. आवेदन करने से पूर्व नियम एवं निर्देशों को भली-भांति पढ़कर पूर्ण रूप से आवेदन भरकर स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से ही प्रेषित/जमा करें। अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जाएंगे तथा इस संबंध में आवेदक को सूचना नहीं दी जाएगी।

03. निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक प्राचार्य / नोडल अधिकारी, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दुर्ग, जिला- दुर्ग (छ.ग.) के कार्यालय में स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक से प्राप्त आवेदनों पर ही अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

04. आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र में आवेदको के हस्ताक्षर नही पाये जाने पर आवेदन को मान्य नही किया जावेगा।

05. आवेदन जमा करने की निधारित अंतिम तिथि को आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम नहीं होना चाहिये। आवेदक को छ०ग० राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। (प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी छ०ग० निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।)

06. संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, छत्तीसगढ़, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित करने हेतु अद्यतन जारी आदेश / निर्देशानुसार संबंधित पद हेतु प्रचलित सेवा भर्ती नियम में उल्लेखित तकनीकी योग्यता के प्राप्तांको के मैरिट के आधार पर मेरिट / चयन/प्रतीक्षा सूचियां तैयार की जाएगी। चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का आरक्षण लागू नहीं होगा। अनुभव आवश्यक नहीं है।

07. प्रचलित सेवा भर्ती नियम में जिन पदो के लिये सीटीआई/एटीआई आवश्यक है उन पदो के लिये संबंधित व्यवसाय/विषय में एकवर्षीय सीटीआई/ एटीआई (CITS/NCIC) प्रमाण पत्र धारी अभ्यर्थियों के तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर चयन की कार्यवाही की जाएगी। (CITS/NCIC) उत्तीर्ण प्रमाण पत्र धारी अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में निर्धारित तकनीकी योग्यताधारी आवेदकों के चयन की कार्यवाही उनके तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूचीं तैयार कर कार्यवाही की जाएगी।

08. राज्य व्यवसायिक परीक्षा (एससीव्हीटी) उत्तीर्ण आवेदकों को संबंधित व्यवसाय / विषय में राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण (NAC) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

09. व्यवसाय स्टेनोग्राफर सेक्रेट्रियल असिस्टेंट (हिन्दी) एवं स्टेनोग्राफर सेक्रेट्रियल असिस्टेंट (अंग्रेजी) के लिए प्राप्त आवेदनों में शीघ्रलेखन में 100 शब्द प्रति मिनट की गति वाले अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो संयुक्त संचालक स्वयं के स्तर पर निर्णय लेकर 80 शब्द प्रति मिनट की गति की योग्यता वाले अभ्यर्थियों पर भी विचार कर सकेंगे। इन व्यवसायों हेतु प्राप्त पात्र आवेदकों की शीघ्रलेखन दक्षता परीक्षा ली जाकर नियमानुसार चयन की प्रक्रिया की जायेगी।

10. इसी प्रकार एम्लॉएबिलिटी स्किल के लिए प्राप्त आवेदनों में यदि निर्धारित योग्यता के अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो बीएड आदि के मामले में संयुक्त संचालक स्वयं के स्तर पर निर्धारित योग्यता को शिथिल कर सकेंगे।

11. विज्ञापित पदों की संख्या घटाई-बढाई अथवा समाप्त की जा सकती है।

12. वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित आवेदन निर्धारित प्रारूप में केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा ही निर्धारित तिथि एवं समय तक जमा किया जा सकता है। डाक द्वारा प्रेषित आवेदन नियत तिथि एवं समय के पश्चात विलंब से प्राप्त होने पर संस्था जवाबदार नही होगी। नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जावेगा एवं वे स्वमेव ही निरस्त हो जायेगें।

13. आवेदक, एक से अधिक पदों/एक से अधिक संस्थाओं हेतु आवेदन कर सकते हैं, परन्तु उन्हे इस हेतु पृथक-पृथक संस्थाओं / व्यवसायों/ विषयों के लिए पृथक-पृथक आवेदन जमा करना होगा।

14. आवेदित पद हेतु अर्हकारी शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता होना आवश्यक है। (उनकी अंकसूची की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है)

15. चयन की कार्यवाही संबंधित व्यवसाय/विषय हेतु निर्धारित तकनीकी योग्यता के प्राप्ताकों के आधार पर मैरिट सूची तैयार कर की जाएगी। चयन सूची नोडल शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दुर्ग, जिला- दुर्ग (छ.ग.) के सूचना पटल पर चस्पा की जाएगी।

16. संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएँ, क्षेत्रीय कार्यालय, द्वारा मेरिट मेरिट सूचियों का अनुमोदन पश्चात ही नियमानुसार चयनीत अभ्यर्थी को उनके द्वारा आवेदन में उल्लेखित मोबाईल / दूरभाष नम्बर पर ही दूरभाष द्वारा सूचना देकर प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराने हेतु मेहमान प्रवक्ता के रूप में आमंत्रित किया जावेगा। उन्हें दूरभाष पर ही आमंत्रण स्वीकार करना होगा, उन्हे किसी प्रकार का नियुक्ति पत्र जारी नहीं किया जावेगा, न ही दिया जावेगा।

17. शासन द्वारा नियमित/स्थानांतरित / संविदा कर्मचारी की पदस्थापना किये जाने की स्थिति में उन पदों पर आमंत्रित मेहमान प्रवक्ताओं की सेवाएं स्वतः समाप्त हो जायेगी।

18. मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित करने की प्रक्रिया के दौरान शासन द्वारा नियमित/स्थानांतरित / संविदा पर पदस्थापना होने की स्थिति में उस पद के विरूद्ध मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित करने की प्रक्रिया स्वतः समाप्त हो जावेगी।

19. मेहमान प्रवक्ताओं को प्रशिक्षण कार्य के लिये प्रति घण्टे 125 रूपये की दर से प्रति कार्य दिवस अधिकतम 5 घण्टे, के मानदेय का प्रावधान है एवं प्रतिमाह अधिकतम 15000 रूपये (अक्षरी पंद्रह हजार रूपये) मानदेय देय होगा। जो कि समय समय पर शासन द्वारा जारी दर के अनुसार परिवर्तनीय होगा 1

20. आमंत्रित मेहमान प्रवक्ताओं को किसी भी प्रकार के अवकाश की पात्रता नहीं होगी।

21. यदि किसी आवेदक को मेहमान प्रवक्ता के रूप में एक से अधिक संस्थाओं / व्यवसायों/ विषय के लिये आमंत्रित किया जाता है, तो किसी एक स्थान पर उपस्थित होने की स्थिति में उक्त आवेदक का उसी समय उसका पेश अन्य संस्थाओं / व्यवसायों/ विषय पर चयन अथवा चयन पर विचार निरस्त माना जावेगा ।

22. चयन प्रक्रिया के पश्चात मेहमान प्रवक्ता पद पर आमंत्रित आवेदक अपने कार्य पर उपस्थित होने पर आवेदन में दिये शपथ अनुसार 50 रूपये के स्टंप पेपर पर नोटरीकृत शपथ पत्र संबंधित संस्था में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

23. मेहमान प्रवक्ताओं द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण कार्य संतोषप्रद नहीं होने अथवा आचरण संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में उन्हें सुनवाई का अवसर देते हेतु स्पष्ट कारण दर्शाते हुये उन्हें प्रशिक्षण में जारी रखने अथवा पृथक करने का निर्णय संबंधित प्राचार्य / संस्था प्रमुख द्वारा लिया जा सकेगा।

24. मेरिट / चयन सूची अनुमोदन पश्चात ही दूरभाष द्वारा सूचना के आधार पर मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित कर प्रशिक्षण पूर्ण कराया जावेगा। किसी प्रकार का नियुक्ति पत्र नहीं दिया जावेगा।

25. चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें, क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्ग का निर्णय अंनतिम एवं बंधनकारी होगा।

(प्रतीक कुमार साहू)
प्राचार्य/नोडल अधिकारी
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दुर्ग (छ.ग.)

मेहमान प्रवक्ता हेतु आवेदन का प्रारूप

प्रति,

प्राचार्य
शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

स्वयं का पासपोर्ट साईज फोटो स्वप्रमाणित

विषयः-मेहमान प्रवक्ता हेतु आवेदन पत्र।

01	आवेदित पद व्यवसाय/विषय का नाम	:----------
02	आवेदित संस्था का नाम	:----------
03	आवेदक का नाम :	:----------
04	पिता/पति का नाम :	:----------
05	माता का नामः	:----------
06	जन्म तिथि (अंकों में)	:----------
	(शब्दों में)	:----------
07	जातिः	:----------
08	पत्र व्यवहार का पूरा पता	:----------
09	मोबाईल नं.	:----------
10	स्थायी निवास का पूरा पता	:----------

क्रमशः

(पिछले पृष्ठ का शेष)

11 सी.टी.आई./ए.टी.आई. उत्तीर्ण (हाँ/नहीं) :----------
यदि हाँ तो प्रमाण पत्र संलग्न करें।

12 हल्के मोटरयान (एल.एम.व्ही) का वैद्य लाइसेंस :----------
(यदि लागू हो) (हाँ / नहीं)

13 हाईस्कूल अथवा पुरानी पद्धती से 11वी. अथवा समतुल्य परीक्षा का प्रतिशत----------

14. तकनीकी योग्यता एक से अधिक तकनीकी योग्यताएँ होने की स्थिति में आवेदक को वही अंक दर्ज करने होंगे, जो मेरिट गणना के लिए उपयोग करना चाहता है। :

क्रमांक	परीक्षा का नाम	मण्डल/बोर्ड/ वि.वि. का नाम	विषय/व्यवसाय	प्राप्तांक	पूर्णांक	प्रतिशत	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8

टीपः- 1. प्रत्येक संस्था / व्यवसाय / विषय के लिए पृथक-पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जावे।

2. आवेदन जिला-नोडल संस्था के नाम से डाक द्वारा या स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है।

3. संलग्न प्रमाण पत्र स्वप्रमाणित प्रति लगावे।

4. छ.ग.का मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र निर्धारित प्रत्र में संलग्न करें।

5. जन्म तिथि के प्रमाण एवं दसवी के मार्कशीट की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें।

संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :-

1.....
2.....
3.....
4.....
5.....
7 .....
8 .....

दिनांक------
स्थान---------

(आवेदक के हस्ताक्षर)

पूरा नाम----------
पूरा पता----------

मोबाईल नम्बर----------

// शपथ-पत्र //

1. मैं संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छ.ग.द्वारा निर्धारित किया गया एवं समय-समय पर संशोधित / लागू मानदेय प्राप्त करूंगा/करूंगी।

2. मेरे द्वारा उपरोक्त प्रस्तुत की गई जानकारी एवं प्रस्तुत सभी प्रमाण पत्र सही एवं सत्य है, यदि जानकारी अथवा प्रस्तुत प्रमाण पत्र गलत पाये जाते हैं तो इसके लिये मैं स्वयं जिममेदार रहूँगा/रहूँगी।

3. मैं कभी नियमित पद हेतु दावा नहीं करूंगा/करूंगी तथा यह चयन इस सत्र के लिये या आवश्यकता रहने तक या नियमित / स्थानांतरित / संविदा कर्मचारी की पदस्थापना होने तक रहेगा/ रहेगी। उसके लिये मैं सहमत हूँ।

4. मैं संस्था में प्राचार्य/अधीक्षक / संस्था प्रमुख के निर्देषानुसार कार्य करूंगा/करूंगी।

5. मैं एक से अधिक संस्था/ व्यवसाय / विषय में चयनित होने की स्थिति में एक ही संस्था / व्यवसाय / विषय में प्रशिक्षण कार्य हेतु उपस्थित हो जाउंगा/जाउंगी तथा दूसरे संस्था / व्यवसाय / विषय के लिये चयन स्वयमेव निरस्त समझा जावेगा ।

6. मैं शासन एवं संस्था के समस्त आदेशों / निर्देशों तथा नियमों का पालन करूंगा/करूंगी।

दिनांक----------
स्थान----------

(आवेदक के हस्ताक्षर)

पूरा नाम.....
पूरा पता.....
मोबाईल नम्बर.....

आर.ओ.142/जी-252603298/5

ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार, वर्ष 2024-25 के लिए प्रविष्टियां

छत्तीसगढ़ शासन, सहकारिता विभाग द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक व्यक्ति या एक सहकारी सोसाइटी को सम्मानित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय 'ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार की स्थापना की गई है, जिसके लिए प्रविष्टियां आमंत्रित हैं।

1. निर्णायक मण्डल (जूरी) की अनुशंसा पर शासन द्वारा अंतिम रूप से घोषित एक व्यक्ति अथवा एक सहकारी सोसाइटी को 'ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार राशि रूपये 2,00,000/- (अक्षरी दो लाख रूपये मात्र) का नगद पुरस्कार तथा प्रतीक चिन्ह से युक्त वाहिका, प्रशस्ति के रूप में दी जायेगी।

2. पुरस्कार के लिए निम्नलिखित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती हैः-

(अ) व्यक्ति के लिएः-

1. लगातार पांच वर्षों तक सहकारिता के विकास के लिए उत्कृष्ट योगदान किया हो।
2. किसी भी सहकारी सोसाइटी का व्यतिक्रमी सदस्य न हो।
3. व्यक्ति को किसी सहकारी सोसाइटी का सदस्य होना अनिवार्य है।
4. संबंधित व्यक्ति छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 की धारा 19 ए/क एवं छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी नियम, 1962 के नियम 44 के तहत निरर्हित न हो।
5. महिला, कमजोर वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किया हो।
6. संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 के तहत् दण्डात्मक कार्यवाही न की गई हो।

टीपः-

उपरोक्त बिन्दुओं की पुष्टि हेतु आवश्यक प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(ब) सहकारी सोसाइटी के लिए :-

1. सहकारी सोसाइटी जिसने 03 वर्षों तक लगातार लाभ अर्जित किया हो तथा सोसाइटी संचित हानि में न हो।
2. सहकारी सोसाइटी किसी वित्तदायी संस्था या राज्य शासन की व्यतिक्रमी न हो।
3. सहकारी सोसाइटी का वित्तीय अभिलेख तातारीख पूर्ण हो तथा अंकेक्षण अद्यतन पूर्ण हो।
4. अंकेक्षण प्रतिवेदन में उल्लेखित आपत्तियों का निराकरण कर दिया गया हो।
5. सहकारी सोसाइटी अधिनियम / नियम / उपविधियों में वर्णित प्रावधान के अनुसार आमसभा एवं उसकी अन्य समितियों की नियमित बैठकें करती हो एवं कार्यवाही विवरण का परिचालन करती हो।
6. वह सहकारी सोसाइटी जो अपने सदस्यों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास एवं महिला, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य किया हो।
7. प्रजातांत्रिक प्रक्रिया के तहत् निर्वाचित बोर्ड कार्यरत हो तथा सोसाइटी का प्रबंधन उत्कृष्ट हो।
8. वह सहकारी सोसाइटी जो अपने सदस्यों को लाभांश वितरण करती हो, उसे पुरस्कार के लिए प्राथमिकता दी जायेगी।
9. सहकारी सोसाइटी में व्याप्त गबन, धोखाधड़ी के मामले में सोसाइटी द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जाती हो।

टीपः- उपरोक्त बिन्दुओं की पुष्टि हेतु आवश्यक प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

3. पुरस्कार के नियम की प्रति एवं प्रविष्टियों के लिए निर्धारित प्रारूप कार्यालय आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं, छत्तीसगढ़, तृतीय एवं द्वितीय तल, ब्लॉक-बी. इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला रायपुर एवं सहकारिता विभाग के संभागीय / जिला कार्यालयों में तथा विभाग की वेबसाईट https://coop.cg.gov.in में भी उपलब्ध है।

4 पुरस्कार वर्ष 2024-25 के लिए प्रविष्टियां निर्धारित प्रारूप में मय संलग्नक संबंधित संभागीय कार्यालयों के माध्यम से दिनांक 30/09/2025 तक कार्यालय आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं, छत्तीसगढ़, नया रायपुर, अटल नगर, जिला रायपुर में प्रस्तुत किया जाये। प्रविष्टि प्रेषित करते समय विषय में ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र स्पष्ट रूप से लिखा हो।

उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त प्रविष्टियों एवं संभाग स्तरीय विभागीय कार्यालय की अनुशंसा तथा बिन्दुवार टीप के अभाव में प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जायेगा।

संयुक्त आयुक्त
सहकारिता, छत्तीसगढ़

आर.ओ.135/जी-252603276/3

कार्यालय प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित
सामान्य वनमण्डल, महासमुन्द (छ.ग.)

फोनः- 07723-223831, Email-mdjumsd@gmail.com

क्रमांक /स्था./प्रबंधक / भर्ती 2025/2436

महासमुन्द, दिनांक 19/08/2025

जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित महासमुन्द प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों में प्रबंधकों के रिक्त पद की भर्ती करने के लिए निर्धारित सेवा शर्तों, अर्हता एवं योग्यता रखने वाले उम्मीद्वारों से दिनांक **19/09/25 समय 5:00** बजे तक कार्यालय प्रबंधक संचालक जिला, वनोपज सहकारी संघ मर्यादित महासमुन्द (छ.ग.) के नाम से पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र व्यक्तिगत रूप से अथवा ई-मेल अथवा अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से स्वीकार नहीं किये जायेगें। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

क्र	प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति का नाम	पदनाम	कुल रिक्त पद	वर्ग	प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के कार्यक्षेत्र में आने वाले तेन्दूपत्ता फड़ों में आने वाले ग्राम का निवासी से आवेदन प्राप्त होना है।	कार्यालय जहां आवेदन पत्र प्रेषित किया जाना है।
1	2	3	4	5	6	7
1	चिरको	प्रबंधक	01	अनारक्षित	चिरको, दर्रीपाली, जोरातराई, सरेकेल, अमोरा, बरेकेल, बनपचरी, तोरला, सिनोधा, तेन्दूवाही	प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित महासमुन्द, जिला महासमुन्द (छ.ग.)
2	सिंघरूपाली	प्रबंधक	01	अनारक्षित	जम्हर, राजाडेरा, सिंधरूपाली, डूमरपाली, सिंधूपाली, झलप, कुरुभाठा, रामपुर, गोड़बहाल	
3	मुनगासेर	प्रबंधक	01	अनारक्षित	मुनगासेर, खुडमुड़ी, छुईहा, बोडरीदादर, खाड़ादरहा, चारभाठा, फिरगी, बांसकांटी, सालडबरी, सोहागपुर, छिबर्रा, नरतोरी, रेवा, डोंगरगांव, तुबकबोरा, मोंगरापाली	
4	आमाकोनी	प्रबंधक	01	अनारक्षित	आमाकोनी, कोकनाझर, खम्हरिया, बहियाडीह, छिन्दौली, चोरभट्टी, डूमरडीह, बोडराबांध	
5	गढ़फूलझर	प्रबंधक	01	अनारक्षित	गढ़फूलझर, आमापाली, कुरचुण्डी, साल्हेरिया, कटेल, चमराडिपा, कुदारीबाहरा, अखराभांठा, रानीसागर	
6	जेवरा	प्रबंधक	01	अनारक्षित	जेवरा, केरामुड़ा, गणेशपुर, इंदरपुर, जैतपुर	

1. आवेदन पत्र प्राप्ति करने की अंतिम तिथि 19/09/2025 शाम 5:00 बजे के बाद प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होगा।
2. पोस्ट/डाक कार्यालय द्वारा आवेदन विलंब से प्रेषित करने की स्थिति में इस कार्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगा।
3. आवेदन पत्र का प्रारूप एवं नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यताएं आयु सीमा, अन्य अर्हताएं, चयन प्रकिया तथा वेतन भत्ते संबंधित जानकारी कार्यालयी जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित महासमुन्द वनमण्डल महासमुन्द / संबंधित प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति चिरको, सिंघरूपाली, मुनगासेर, आमाकोनी, गढ़फूलझर एवं जेवरा कार्यालय के सूचना पटल एवं छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ मर्यादित रायपुर के वेबसाइट www.cgmfpfed.org एवं कलेक्टर जिला महासमुन्द के वेबसाइट mahasamund.gov.in पर देखा जा सकता है।

प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति में प्रबंधक पद पर नियुक्ति हेतु निर्धारित अर्हता एवं चयन प्रक्रिया निम्नानुसार है :-

(अ) नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यताएं :-

1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण होगी।
2. अभ्यर्थी का संस्था (समिति) क्षेत्र का निवासी एवं तेन्दूपत्ता संग्राहक होना अनिवार्य होगा। (यदि आवेदक समिति क्षेत्र का बाहर का निवासी है एवं पत्ता उक्त समिति क्षेत्र में संग्रहण किया जाता है तो अपात्र किया जावेगा)
3. यह आवश्यक होगा कि अभ्यर्थी संस्था (समिति) क्षेत्र के ऐसे संग्राहक परिवार से हो, जिसने नियुक्ति के पूर्व पांच वर्ष में से कम से कम तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष न्यूनतम 500 (पांच सौ) गड्डी तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य किया हो आवेदन के साथ तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्ड एवं संग्रहण पारिश्रमिक प्राप्त हुये बैंक खाता के स्टेटमेंट की स्व प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. अभ्यर्थी को मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर डिग्री होना अनिवार्य है मान्यता प्राप्त संस्था निम्नानुसार रहेगें -

(अ) मान्यता प्राप्त आई.टी.आई. से कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट व्यवसाय में एक वर्षीय डिप्लोमा / सर्टिफिकेट।

(ब) मान्यता प्राप्त बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन /राज्य तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया कम्प्यूटर सांईस /इन्फारमेंशन टेक्नालॉजी/माडर्न आफिस मेनेजमेंट का डिप्लोमा (2 वर्ष से अन्यून)

(स) वैधानिक रूप से गठित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / डिम्ड युनिवर्सिटी / इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय / भोज विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त कम्प्यूटर सांईस / इन्फारमेंशन टेक्नालॉजी/ कम्प्यूटर एप्लीकेशन में एक वर्षीय पी.जी. डिप्लोमा, स्नातक / स्नातकोत्तर उपाधि।

(द) DOEACC सोसाईटी, नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त विभिन्न डिप्लोमा

ई) कम्प्यूटर विषय में मान्य प्राप्त संस्था से एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा (DCA)

(5. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताएं विज्ञापन के अंतिम तिथि या उसके पूर्व का होना अनिवार्य है। अंतिम तिथि के बाद जारी कोई भी प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा।

6. शासकीय अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत आवेदक को नियोक्ता से अनापत्ति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। मूल प्रमाण पत्रों की जाँच के समय नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. आवेदन पत्र में आवेदक का फोटो एवं सूचीबध्द किये गये समस्त प्रमाण पत्र व दस्तावेजों की स्पष्ट एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है। समस्त सूचीबध्द प्रमाण पत्र एवं दस्तावेजों की संलग्न न होने अथवा उक्त दस्तावेजों के स्व प्रमाणित न होने एवं आवेदन अपूर्ण होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त किया जावेगा।
8. अपूर्ण अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा एवं इस संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
9. यदि आवेदक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियुक्ति प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करता है या प्रभावित करने का प्रयास करता है, तो अभ्यर्थी की उम्मीद्वारी निरस्त की जावेगी।
10. भर्ती प्रकिया के संबंध में किसी भी विवाद एवं समस्या पर प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित पदेन सहायक पंजीयक महासमुन्द का निर्णय अंतिम होगा।

(ब) आयु सीमा -

चयन में स्पर्धा करने हेतु पात्र होने के लिये अभ्यर्थी को निम्नलिखित आयु पुरी करनी होगी अर्थात् -

1. 01 जनवरी 2025 को आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम अथवा 35 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।
2. यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़े वर्गों (गैर कीमीलेयर) का हो तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 5 (पांच) वर्ष तक शिथिलनीय होगी।
3. छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विश उपबंध) नियम 1997 के प्रावधानों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिए उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 10 (दस) वर्ष तक शिथिलनीय होगी।
4. छत्तीसगढ़ राज्य के भूतपूर्व सैनिक, अजजा /अजा तथा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अन्तजार्तीय विवाह प्रोत्साहन योजन के अधीन पुरस्कार प्राप्त एवं स्वयंसेवी नगर सैनिकों को छ.ग. शासन के नियमानुसार आयु में शिथिलता प्रदान की जावेगी।
5. उपरोक्त उल्लेखित किसी एक या एक से अधिक संवर्गों के अधीन आयु में छुट दिये जाने के उपरांत भी संघ के सेवा हेतु पात्र होने के लिये अधिकतम आयु किसी भी दशा में 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(स) अन्य अर्हतायें :-

1. मानसिक तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ हो।
2. अन्य किसी भी सेवा नियोजन का गबनशुदा न हो, आर्थिक अथवा अन्य किसी अपराध के लिये कार्यवाही जारी/पंजीकृत न हो, किसी न्यायालय से सजायापता न हो।

क्रमशः

3. छ.ग. सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 के प्रावधानों के अंतर्गत जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित/ प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के संचालक मण्डल का परिभाषित संबंधी न हो।

(द) चयन प्रक्रिया :-

1. प्रबंधक पद चयन किये जाने हेतु 125 अंक निर्धारित किये जाते है, जो अभ्यर्थी की योग्यता के आधार पर निम्नानुसार प्रदान किये जायेंगे :-

(क) 10+2 हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कुल प्राप्तांक प्रतिशत के बराबर अंक प्रदान किये जायेंगे (अधिकतम 100 अंक) । उदाहरणार्थ- यदि किसी आवेदक को हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 75.05 प्रतिशत अंक प्राप्त हुये है तो उसे 75.05 अंक दिये जायेंगे)

(ख) स्नातक परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंको के अनुपात में 1/5 अंक दिये जायेंगे अधिकतम 20 अंक) (उदाहरणार्थ 70 प्रतिशत प्राप्तांक को 14 अंक दिये जायेंगे)

(ग) छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त किसी संस्था से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में प्राप्त सर्टिफिकेट / डिप्लोमा / डिग्री हेतु अधिकतम 5 अंक दिये जायेंगे। सर्टिफिकेट /डिप्लोमा हेतु 3 अंक एवं उच्चतर डिग्री हेतु 5 अंक दिये जायेंगे।

(इ) नियुक्ति हेतु प्रक्रिया :-

1. चयनित अभ्यर्थी को अपना मूल दस्तावेजों को चयन समिति के पास प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।
2. कार्य पर उपस्थित होने के पूर्व प्रबंधक पद के लिये चयनित अभ्यर्थी का पुलिस से सत्यापन अनिवार्य होगा।
3. चयनित अभ्यर्थी को चिकित्सा जांच (शासकीय चिकित्सालय) के मापदंडो में स्वस्थ पाया जाना अनिवार्य होगा इस हेतु अभ्यर्थी को जिला चिकित्सालय के मेडिकल बोर्ड का चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. नियुक्ति के पूर्व अभ्यर्थी को प्रत्याभूति के रूप में रूपये 10,000/- (रूपये दस हजार रूपये मात्र) नगद अथवा सावधि जमा अथवा सालवेन्सी के रूप में संस्था में जमा करना होगा।
5. चयनित अभ्यर्थी एक वर्ष की अवधि तक परिवीक्षा पर कार्यरत रहेगा।

(फ) वेतन :-

प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधको को छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ मर्यादित रायपुर द्वारा निर्धारित वेतन देय होगा।

(ग) यात्रा भत्ता :-

प्रबंधको को संघ द्वारा स्वीकृत दरों पर यात्रा भत्ता देय होगा।

प्रबंध संचालक,
जिला वनोपज सहकारी यूनि. मर्या.
महासमुंद वनमण्डल, महासमुन्द

आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित
महासमुन्द

स्व प्रमाणित फोटो

अ. आवेदित पदनाम :----------
ब. समिति का नाम :----------
1. आवेदक का नाम :----------
2. पिता/पति का नाम :----------
3. जन्म तिथि (अंको में) :----------
(शब्दों में) :----------
4. दिनांक 01/01/2025 की स्थिति में आयु------- वर्ष----- माह---- दिन----
5. जाति वर्ग (अना./अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.वर्ग)
(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र की सत्यापति छायाप्रति संलग्न करें)
6. स्थायी पता :----------
:----------
:----------
:----------
7. डाक व्यवहार का वर्तमान पता :----------
:----------
मोबाईल नं. :----------
8. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है :----------
(हां नहीं) यदि हां तो प्रमाण पत्र की सत्यापति छायाप्रति संलग्न करें)
9: लिंग (महिला/पुरुष) :----------
10. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि :----------
11. जीवित बच्चों की संख्या :----------
12. रोजगार कार्यालय का नाम :----------
जीवित पंजीयन क्रमांक/दिनांक :----------
13. शैक्षणिक योग्यता का विवरण

क्र	परीक्षा का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड/वि.वि./ संस्था का नाम	कुल प्राप्तांक	श्रेणी	प्राप्तांकों का प्रतिशत
1	10वीं					
2	12वीं					
3	स्नातक					
4	कम्प्यूटर					

(प्रमाण-पत्र एवं अंकसूची की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

14. यदि अभ्यर्थी के विरूध्द दाण्डिक प्रकरण किसी----------
पुलिस थाना न्यायालय में लंबित है अथवा न्यायालय से निराकृत हो चुका है? यदि हां तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक तथा निर्णय आदि की जानकारी का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें ।
15. यदि पूर्व से किसी संस्था में कार्यरत हो, तो अनापत्ति प्रमाण पत्र क्रमांक.....दिनांक.....
16. तेन्दूपत्ता संग्रहण की वर्षवार जानकारी

वर्ष 2021		वर्ष 2022		वर्ष 2023		वर्ष 2024		वर्ष 2025	
संग्रहण कार्ड क्र.	संग्रहित गड्डी संख्या	संग्रहण कार्ड क्र.	संग्रहित गड्डी संख्या	संग्रहण कार्ड क्र.	संग्रहित गड्डी संख्या	संग्रहण कार्ड क्र.	संग्रहित गड्डी संख्या	संग्रहण कार्ड क्र.	संग्रहित गड्डी संख्या

(संग्रहण कार्ड एवं संग्रहण पारिश्रमिक भुगतान प्राप्त बैंक स्टेटमेंट की स्पष्ट सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

शैक्षणिक एवं अन्य योग्यता संलग्न प्रमाण पत्रों की सूचीः-

1		6	
2		7	
3		8	
4		9	
5		10	

आवेदक के हस्ताक्षर

घोषणा-पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूं कि मैंने विज्ञापित पद की पात्रता संबंधी शर्तों को पढ़ लिया है। इस आवेदन पत्र में प्रस्तुत समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है, कोई भी जानकारी असत्य या अपूर्ण होने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं चयन के दौरान भी मेरी नियुक्ति बिना नोटिस के समाप्त की जा सकेगी। जिसके लिये मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

दिनांकः----------
स्थान :----------

आवेदक के हस्ताक्षर

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बहुविकल्पिय प्रश्नोत्तरी

1. छत्तीसगढ़ को 9 जुलाई 2025 को किस क्षेत्र में राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ है?
A. शिक्षा
B. खनन (डीएमएफ)
C. कृषि
D. सड़क निर्माण

2. धुड़मारास गांव को किस अंतर्राष्ट्रीय संस्था ने दुनिया के 20 सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों में शामिल किया?
A. यूनेस्को
B. विश्व बैंक
C. संयुक्त राष्ट्र (UN)
D. डब्ल्यूटीओ

3. छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल श्री शेखर दत्त का निधन किस अस्पताल में हुआ?
A. सफदरजंग अस्पताल
B. अपोलो अस्पताल
C. एम्स दिल्ली
D. मेदांता अस्पताल

4. शेखर दत्त का छत्तीसगढ़ में राज्यपाल के रूप में कार्यकाल कब से कब तक था?
A. 2008 – 2012
B. 2010 – 2014
C. 2006 – 2009
D. 2012 – 2016

5. शेखर दत्त किस बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) अधिकारी थे?
A. 1972
B. 1965
C. 1969
D. 1975

6. छत्तीसगढ़ सरकार ने अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए किन गतिविधियों पर रोक लगाई है?
A. रीयल एस्टेट में निवेश
B. इंट्राडे और फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग
C. बैंक में खाता खोलना
D. म्यूचुअल फंड में निवेश

7. छत्तीसगढ़ के कितने जिलों में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत विद्युतीकरण किया गया?
A. 12
B. 15
C. 18
D. 25

8. आईएनएस तमाल किस देश में निर्मित युद्धपोत है जिसे भारतीय नौसेना में शामिल किया गया है?
A. भारत
B. फ्रांस
C. रूस
D. अमेरिका

9. आईएनएस तमाल किस मिसाइल को दागने में सक्षम है?
A. अग्नि-5
B. नाग
C. ब्रह्मोस
D. अस्त्र

10. 'बैगलेस टी' तकनीक को कितने वर्षों के लिए पेटेंट स्वीकृत किया गया है?
A. 10 वर्ष
B. 15 वर्ष
C. 20 वर्ष
D. 25 वर्ष

11. सुप्रीम कोर्ट में एससी/एसटी आरक्षण की नीति के तहत अनुसूचित जाति को पदोन्नति में कितने प्रतिशत आरक्षण मिलेगा?
A. 10%
B. 12%
C. 15%
D. 18%

12. 'RailOne' ऐप के शुभारंभ का मुख्य उद्देश्य क्या है?
A. ट्रेन की स्पीड बढ़ाना
B. रेलवे कर्मचारियों की भर्ती
C. सभी रेल सेवाएं एक जगह प्रदान करना
D. रेलवे टिकट सस्ता करना

13. केंद्र ने मोटर वाहन एग्रीगेटर गाइडलाइंस 25 में किस वाहन से सवारी की अनुमति दी है?
A. ट्रैक्टर
B. ऑटो रिक्शा
C. निजी मोटरसाइकिल
D. ट्रक

14. एयर मार्शल एस. शिवकुमार ने कौन सा पदभार ग्रहण किया है?
A. वायुसेना प्रमुख
B. एयर ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ
C. एयर ऑफिसर-इन-चार्ज प्रशासन
D. फाइटर कमांडर

15. भारतीय नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट कौन बनी हैं?
A. भावना कंठ
B. आस्था पुनिया
C. अवनी चतुर्वेदी
D. खुशबू चौधरी

16. अनंत टेक कौन सी सेवा 2028 से शुरू करने जा रही है?
A. अंतरिक्ष पर्यटन
B. सौर ऊर्जा वितरण
C. निजी सैटेलाइट इंटरनेट
D. अंतरिक्ष रॉकेट निर्माण

17. सरकारी बैंकों को अब शिक्षा ऋण की प्रक्रिया कितने दिनों में पूरी करनी होगी?
A. 30 दिन
B. 20 दिन
C. 10 दिन
D. 15 दिन

18. पनडुब्बी-रोधी रॉकेट प्रणाली (ERASR) का परीक्षण किस पोत से किया गया?
A. आईएनएस विक्रांत
B. आईएनएस कवरत्ती
C. आईएनएस अरिहंत
D. आईएनएस कोच्चि

19. पृथ्वी की सबसे प्राचीन चट्टान किस देश में पाई गई है?
A. भारत
B. रूस
C. कनाडा
D. ऑस्ट्रेलिया

20. पृथ्वी की सबसे पुरानी चट्टान की आयु कितनी अनुमानित की गई है?
A. 3.8 अरब वर्ष
B. 4.16 अरब वर्ष
C. 2.7 अरब वर्ष
D. 4.5 अरब वर्ष

21. भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री डॉ. अनिल मेनन किस वर्ष अंतरिक्ष यात्रा पर जाएंगे?
A. 2025
B. 2026
C. 2027
D. 2028

22. डॉ. अनिल मेनन किस अंतरिक्ष एजेंसी के यान से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाएंगे?
A. नासा
B. इसरो
C. स्पेसएक्स
D. रोस्कॉसमॉस

23. हाल ही में खोजे गए नए डायनासोर का क्या नाम है?
A. डाइनोरेप्टर माइक्रोस्टेग
B. एनिग्माकर्सर मोलीबोर्थविके
C. वेलोसिरैप्टर मिनीसोरस
D. टायरोनोसारस लिटिलस

24. चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सेवानिवृत्त होने की संभावित वर्ष कौन-सी बताई जा रही है?
A. 2025
B. 2026
C. 2027
D. 2028

25. एशिया की सबसे बुजुर्ग हथिनी 'वत्सला' का निधन किस राज्य में हुआ?
A. केरल
B. ओडिशा
C. असम
D. मध्य प्रदेश

26. 'वत्सला' की अनुमानित आयु कितनी बताई गई है?
A. 60 वर्ष
B. 70 वर्ष
C. 90 वर्ष
D. 100 वर्ष से अधिक

27. श्रीलंका सरकार ने किस नए टर्मिनल कंपनी के गठन को स्वीकृति दी है?
A. कोलंबो वेस्ट टर्मिनल लिमिटेड
B. श्रीलंकन कंटेनर एजेंसी
C. कोलंबो ईस्टर्न कंटेनर टर्मिनल प्राइवेट लिमि
D. साउथ एशियन पोर्ट्स एंड टर्मिनल्स

28. आय समानता के मामले में भारत का कौन-सा स्थान है (विश्व बैंक रिपोर्ट अनुसार)?
A. पहला
B. दूसरा
C. तीसरा
D. चौथा

29. भारत का गिनी इंडेक्स स्कोर 2022-23 में कितना रहा?
A. 30.1
B. 28.8
C. 25.5
D. 23.9

30. विश्व मुक्केबाजी कप 2025 में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक किसने जीता?
A. दीपिका
B. वरुण आनंद
C. साक्षी
D. योसलाइन पेरेज

31. साक्षी ने विश्व मुक्केबाजी कप के किस भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता?
A. 48 किग्रा
B. 50 किग्रा
C. 52 किग्रा
D. 54 किग्रा

32. वरुण आनंद ने किस प्रतियोगिता में भारत के लिए तीन स्वर्ण पदक जीते?
A. एशियाई खेल
B. विश्व मुक्केबाजी कप
C. विश्व प्रत्यारोपण खेल
D. ओलंपिक

33. पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए किसे नामांकित किया गया है?
A. साक्षी
B. दीपिका (हॉकी खिलाड़ी)
C. शुभमन गिल
D. दीपिका पादुकोण

34. भारतीय महिला फुटबॉल टीम को एएफसी महिला एशियाई कप 2026 में क्वालीफाई करने पर कितनी धनराशि का इनाम मिला?
A. $20,000
B. $35,000
C. $50,000
D. $75,000

35. शुभमन गिल से पहले इंग्लैंड में दोहरा शतक किस भारतीय खिलाड़ी ने बनाया था?
A. विराट कोहली
B. सचिन तेंदुलकर
C. राहुल द्रविड़
D. रोहित शर्मा

36. हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम स्टार से सम्मानित होने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री?
A. माधुरी दीक्षित
B. एश्वर्या राय
C. प्रियंका चोपड़ा
D. दीपिका पादुकोण

37. खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव 2025 कहाँ आयोजित होगा?
A. गोवा
B. मुंबई
C. कश्मीर
D. चेन्नई

38. बारसर में स्थित भगवान गणेश का प्राचीन मंदिर किस वंश के शासक द्वारा बनवाया गया?
A. कलचुरी वंश
B. छिंदक नागवंशी वंश
C. सोमवंशी वंश
D. गुप्त वंश

39. ऐती ओती जावत हे, धरे नई पावत हे यह का हे?
A. हवा
B. पानी
C. सपना
D. छाया

40 नानकुन टूरा, बुलक-बुलक के पार बाँधय यह का हे?
A. बटन
B. धागा
C. सुई धागा
D. कील

- **गीता प्रसाद,** कैरियर काउंसलर

Q&A-003

1	B	11	C	21	B	31	D
2	C	12	C	22	C	32	C
3	C	13	C	23	B	33	B
4	B	14	C	24	C	34	C
5	C	15	B	25	D	35	C
6	B	16	C	26	D	36	D
7	C	17	D	27	C	37	D
8	C	18	B	28	D	38	B
9	C	19	C	29	C	39	D
10	C	20	B	30	C	40	C

अस्वीकरण (Disclaimer) : इस प्रश्नोत्तरी में दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। फिर भी, यदि किसी प्रश्न या उत्तर में अनजाने में कोई त्रुटि रह जाती है, तो इसके लिए "रोजगार और नियोजन" जिम्मेदार नहीं होगा।

छत्तीसगढ़ का
रजत जयंती वर्ष

बदला दौर, आई चेहरों पर खुशहाली की झलक

सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति से हो रहा सकारात्मक सामाजिक- आर्थिक बदलाव

छत्तीसगढ़ राज्य इस वर्ष 2025 में अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मना रहा है। एक राज्य के रूप में अस्तित्व में आने के बाद छत्तीसगढ़ में अपनी सतत विकास यात्रा शुरू की। इस विकास यात्रा के दौरान कई चुनौतियां भी आईं। राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव के नेतृत्व में सरकार गठन के बाद अब तेजी के साथ सामाजिक आर्थिक विकास हो रहा है। राज्य में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है और लोगों के चेहरे पर समृद्धि और खुशहाली की झलक भी नजर आने लगी है। सरकार ने सामाजिक आर्थिक विकास के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए लोक कल्याण की ऐसी योजनाएं तैयार की हैं, जिनके प्रभाव से आने वाले समय में छत्तीसगढ़ देश के विकसित राज्यों में से एक होगा। पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने अनेक चुनौतियों के बावजूद सतत विकास की दिशा में कदम बढ़ाया है। राज्य ने औद्योगिक, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, और सामाजिक न्याय के क्षेत्रों में संतुलित विकास करते हुए देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। आगामी वर्षों में छत्तीसगढ़ को हरित विकास, डिजिटल नवाचार और सामाजिक समावेशन को प्राथमिकता देते हुए और भी ऊंचाइयों तक पहुंचने की जरूरत है। यदि यही गति और समर्पण बना रहा, तो छत्तीसगढ़ "समृद्ध छत्तीसगढ़" की अवधारणा को साकार करते हुए देश के अग्रणी राज्यों में अपना स्थान सुनिश्चित करेगा।

सतत् विकास की राह

शिक्षा

सन् 2025
- शिक्षा सूचकांक: 0.520
- 32 हजार 461 प्राइमरी स्कूल
- महिला साक्षरता 70% से अधिक
- 09 शासकीय और 17 निजी विवि
- 15 मेडिकल कॉलेज

सन् 2000
- शिक्षा सूचकांक: 0.249
- प्राथमिक विद्यालयों की संख्या सीमित, ग्रामीण क्षेत्रों में कमी
- महिला साक्षरता 50% से कम
- उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या कम

स्वास्थ्य

सन् 2025
- स्वास्थ्य सूचकांक: 0.672
- शिशु मृत्यु दरः प्रति हजार जीवित जन्म पर 38

सन् 2000
- स्वास्थ्य सूचकांक: 0.585
- शिशु मृत्यु दरः प्रति हजार जीवित जन्म पर 77
- ग्रामीण स्वास्थ्य ढांचा कमजोर

उद्योग

सन् 2025
- औद्योगिक योगदानः 42.4%
- इस्पात, सीमेंट, बिजली उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में
- बड़े औद्योगिक निवेश क्षेत्र का विस्तार और औद्योगिक पार्क स्थापित

सन् 2000
- औद्योगिक योगदान राज्य की अर्थव्यवस्था में लगभग 30%
- प्रमुख रूप से खनन और इस्पात आधारित उद्योग
- सीमित निवेश व बड़े औद्योगिक क्षेत्रों की कमी

रोजगार

सन् 2025
- बेरोजगारी दरः 2.4%
- महिला श्रम भागीदारी दरः 59.8%
- महिला समूह योजनाओं से रोजगार में वृद्धि
- कृषि के साथ उद्योग, आईटी, पर्यटन, सेवा क्षेत्र व स्वरोजगार में भी रोजगार के अवसर

सन् 2000
- बेरोजगारी दर लगभग 6%
- महिला श्रम भागीदारी दर 30%
- स्वरोजगार योजनाएं सीमित
- छत्तीसगढ़ की ज़्यादातर आबादी सिर्फ खेती और पारंपरिक कामों पर निर्भर थी

कृषि

सन् 2025
- 21.76 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता का विस्तार
- सिंचाई नेटवर्क और खरीदी केंद्रों समेत उत्पादन तकनीक को बढ़ावा
- धान उत्पादन में देश के शीर्ष राज्यों में

सन् 2000
- 13.28 लाख हेक्टेयर थी सिंचाई क्षमता
- सिंचाई के सीमित संसाधन, वर्षा पर निर्भरता ज्यादा, तकनीक की कमी
- कृषि कार्य हेतु बैल और पारंपरिक औजारों पर निर्भरता

25 वर्षों की विकास यात्रा

छत्तीसगढ़ राज्य का गठन 1 नवंबर 2000 को हुआ था, जब यह मध्यप्रदेश से अलग होकर एक नया राज्य बना। जनजातीय बहुल यह प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों, खनिजों, सांस्कृतिक विविधता और कृषि पर आधारित अर्थव्यवस्था के लिए जाना जाता है। अपने गठन के 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास की एक लंबी और प्रेरणादायक यात्रा तय की है। यह यात्रा राज्य की आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में किए गए प्रयासों का सजीव प्रमाण है।

आर्थिक क्षेत्र में प्रगति

छत्तीसगढ़ ने बीते दो दशकों में आर्थिक मोर्चे पर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। खनिज संसाधनों से समृद्ध यह राज्य देश की इस्पात, कोयला और बिजली उत्पादन में अग्रणी है। औद्योगिक विकास के क्षेत्र में विशेष रूप से भिलाई, कोरबा, रायगढ़ और जगदलपुर जैसे शहरों में तेजी से प्रगति हुई है। राज्य सरकार की औद्योगिक नीति ने निवेशकों को आकर्षित किया है और रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। राज्य के बजट का आकार कई गुना बढ़ा है जिससे अधोसंरचना और सामाजिक विकास में प्रगति आई है।

कृषि और ग्रामीण विकास

छत्तीसगढ़ को "धान का कटोरा" कहा जाता है। कृषि इस राज्य की रीढ़ है और किसानों की स्थिति सुदृढ़ करने के लिए सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं। बकाया धान बोनस भुगतान, ₹3100 प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी, सौर सुजला योजना जैसी योजनाएं किसानों को समृद्धि की ओर ले जा रही हैं। इन योजनाओं से किसानों को सीधा लाभ पहुंचा है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। जल-संसाधनों के बेहतर उपयोग और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से कृषि उत्पादकता में भी वृद्धि हुई है।

शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार

राज्य सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। विद्यालयों के अधोसंरचना में सुधार, डिजिटल शिक्षा का विस्तार, पीएम श्री विद्यालय, छात्रवृत्ति योजनाएं और "शालाओं का युक्तियुक्तकरण" जैसे कदमों से शिक्षा का स्तर बेहतर हुआ है। स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे में मजबूती आई है और शहरों से लेकर गांवों तक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार हुआ है। नए मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना से सुदूर इलाकों तक लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुनिश्चित हुई है।

सड़क और बुनियादी ढांचे का विकास

छत्तीसगढ़ में सड़कों का जाल लगातार विस्तृत हो रहा है। गांव-गांव तक सड़क पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और राज्य सरकार की योजनाएं प्रभावी साबित हुई हैं। रेलवे, हवाई सेवा और नगरीय ढांचे में सुधार ने कनेक्टिविटी को नया आयाम दिया है। रायपुर का नया रेल कॉरिडोर, रायपुर- विशाखापट्टनम एक्सप्रेस वे, रायपुर-धनबाद एक्सप्रेस वे नई सड़क परियोजना, जगदलपुर हवाई सेवा और बिलासपुर स्मार्ट सिटी परियोजना इसके उदाहरण हैं।

राज्य का बजट आकार
- 2001-02- 3,999 करोड़
- 2025-26- 1,65,000 करोड़

राज्य सकल घरेलू उत्पाद
- 2001-02- 25,845 करोड़
- 2025-26- 6,35,918 करोड़ (अनुमानित)

बेरोजगारी दर
- 2017-18- 3.5%
- 2025-26- 2.5%

शासकीय विद्यालय
- 2001-02- 38050
- 2024-25- 56615

शासकीय महाविद्यालय
- 2001-02- 116
- 2025-26- 335

शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या
- 2001-02- 21000
- 2024-25- 278605

घरेलू विद्युतीकरण
- 2001-02- 18 %
- 2025-26- 100 %

विश्वविद्यालय
- 2000 में 4
- 2025 में 26

जिला अस्पताल
- 2001-02- 6
- 2025-26- 30

राष्ट्रीय राजमार्ग
- 2001-02- 1810 किलोमीटर
- 2022-23- 3620.450 किलोमीटर

स्टेट हाईवे
- 2001-02- 2074 किलोमीटर
- 2025-26- 4310 किलोमीटर

ग्रामीण सड़क
- 2001-02- 28393 किलोमीटर
- 2022-23- 160116 किलोमीटर

सामाजिक- आर्थिक बदलाव लाने वाली योजनाएं

महतारी वंदन योजना
माताओं- बहनों को प्रतिमाह ₹1000 की आर्थिक सहायता

तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक वृद्धि
तेंदूपत्ता संग्राहकों का संग्रहण पारिश्रमिक ₹4,000 से बढ़ाकर ₹5,500 प्रति मानक बोरा

चरण पादुका योजना
तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका का वितरण

नियद नेल्ला नार योजना
बस्तर के संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के कैंपों के समीप स्थापित 327 गांवों में तीव्र सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए समन्वित योजना कार्यक्रम

सौर सुजला योजना
अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के किसानों को सिंचाई के लिए सोलर पंप की सहायता

बस्तर और सरगुजा विकास प्राधिकरण
आदिवासी बाहुल्य बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में समन्वित विकास के लिए स्थापित विशेष प्राधिकरण

कृषक उन्नति योजना
किसानों पर फसल उत्पादन के लागत मूल्य का बोझ कम करने के लिए आदान सहायता

नक्सल उन्मूलन कार्यक्रम
इस तीव्र अभियान के तहत पिछले 20 महीने के अंदर 450 से अधिक नक्सलियों को किया न्यूट्रलाइज, 1589 से अधिक ने किया आत्मसमर्पण

डॉ. रवि मित्तल - मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद की ओर से मे. डीबी कार्प. लिमिटेड, प्लाट नंबर 40/44 इण्डस्ट्रियल एरिया, उरला रायपुर से मुद्रित, छत्तीसगढ़ संवाद, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19, अटल नगर, नवा रायपुर से प्रकाशित। संपादक - जवाहर लाल दरियो